आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 324 ● कटनी ● गुरुवार, 29 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## सेवा निवृत्त आई.सी.पी. केसरी सीएम कार्यालय में मीडिया सलाहकार

**भोपाल, यशभारत।** राज्य शासन द्वारा आई.सी.पी. केसरी (सेवानिवृत्त) भा.प्र.से को मुख्यमंत्री कार्यालय के मीडिया सलाहकार पदपर नियुक्त किया है । उनकी नियुक्ति मुख्यमंत्री के वर्तमान कार्यकाल अथवा आगामी आदेश (जो भी पहले ही) तक, कार्यभार ग्रहण करने के दिनाक से की गई है। श्री केसरी का मुख्यालय नई दिल्ली होगा।

## चंदा कोचर के बेटे की हाईप्रोफाइल शादी कैंसिल

**जैसलमेर,एजेंसी।** ICICI बैंक की पूर्व रख्ष चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी के बाद उनके बेटे की शादी कैसिल हो गई है। जानकारी के अनुसार कोचर दंपती के बेटे अर्जुन की शादी के फंक्शन 15 से 18 जनवरी को जैसलमेर के दो सबसे महंगे होटल में होने थे। इन होटलों से जुड़े मैनेजमेंट के अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी है। उनका कहना है कि मुंबई की जिस इवेंट कंपनी को इस शादी के लिए हायर किया था(

## फ्लाइट के अंदर यात्रियों के बीच मारपीट

**बैंकॉक से भारत आ रहा था विमान; बहस से हाथापाई तक पहुंची बात**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** थाई स्माइल एयरवेज की एक उड़ान में यात्रियों के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फ्लाइट बैंकॉक से भारत आ रही थी। वीडियो 27 दिसंबर 2022 का बताया जा रहा है। पूरी घटना को एक यात्री ने अपने फोन से शूट किया है।51 सेकेंड की इस क्लिप में दो लोगों को आपस में बहस करते देखा जा सकता है। इसी बीच एक फ्लाइट अटेंडेंट स्थिति को शांत करने की कोशिश करती है। हालांकि, पहला व्यक्ति अपना चश्मा उतारता है और दूसरे व्यक्ति को थप्पड़ मारना शुरू कर देता है। देखते ही देखते उसके दोस्त भी विवाद में शामिल हो जाते हैं। इस दौरान दूसरा व्यक्ति सिर्फ बचने की कोशिश करता है।इसके बाद 4-5 लोग इकट्ठा होकर शख्स को घेर लेते हैं। इनमें से एक व्यक्ति शख्स के बाल पकड़कर उसे थप्पड़ मारता है। फ्लाइट अटेंडेंट दोनों को अलग करने की कोशिश करती है, लेकिन कामयाब नहीं हो पाती।दोनों यात्रियों को क्रू मेंबर्स ने समझाया भी, लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### शादी पर पहली बार बोले राहुल गांधी

## मैं ऐसी महिला चाहूंगा, जिसमें मेरी मां और दादी... दोनों के गुण हों

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने शादी के सवाल पर पहली बार चुप्पी तोड़ी। उनसे सवाल पूछा गया कि क्या आप ऐसी महिला से शादी करना चाहते हैं, जिसमें आपकी दादी जैसे गुण हों। जवाब बेहद दिलचस्प था। राहुल यात्रा के दौरान अपनी दादी इंदिरा गांधी के बारे में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा- इंदिरा गांधी उनके जीवन का प्यार हैं, उनकी दूसरी मां हैं। इसी जवाब पर फिर सवाल हुआ- क्या ऐसी ही महिला से शादी करना चाहते हैं, जिसमें आपकी दादी जैसे गुण हों। शादी के लिए क्या ऐसी ही लड़की चाहिए। इस पर राहुल ने कहा- यह दिलचस्प सवाल है। मैं ऐसी महिला चाहूंगा, जिसमें मेरी मां और दादी... दोनों के गुण हों। वह अच्छा रहेगा। फिटनेस के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे कुछ न कुछ स्पोर्ट्स या तपस्या करता रहते हैं।राहुल ने आगे कहा- मेरे पिता एक पायलट थे, मैंने उनसे सीखा। ये प्लेन उड़ाना आपके एटीट्यूड और वे ऑफ थिंकिंग है। मेरे पिता ने कहा था कि तुम प्लेन उड़ाना, प्लेन तुम्हें उड़ाए...ऐसा मत होने देना। मायने ये थे कि आप यानी पायलट हमेशा प्लेन के आगे रहता है। पायलट 30 हजार की ऊंचाई से चीजों को देखता है। जो आप उस ऊंचाई से देखते हैं, वह आपको सड़क पर दिखाई नहीं देंगी।

सबसे पहले एक तस्वीर, राहुल ने लिखा- जो मोहब्बत इनसे मिली, वही बांट रहा हूं...

राहुल गांधी ने 24 दिसंबर को मां सोनिया गांधी के साथ यह तस्वीर शेयर की। लिखा था कि इनसे मिला प्यार देश में बांट रहा हूं। राहुल ने शादी के सवाल पर जवाब मुंबई में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिया। वे यूट्यूब चैनल मैशेबल इंडिया के बॉम्बे जर्नी स्पेशल एपिसोड में इंटरव्यू दे रहे थे। यह इंटरव्यू मंगलवार को यूट्यूब पर आया।

### राहुल गांधी ने 113 बार किया सुरक्षा का उल्लंघन सीआरपीएफ

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा पुख्ता किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था। अब इस पर सीआरपीएफ की और से जवाब दिया गया है। कांग्रेस की चिट्ठी के जवाब में अर्ध सैनिक सुरक्षा बल ने कहा कि 2020 से अब तक खुद राहुल गांधी की ओर से 113 बार सुरक्षा घेरा तोड़कर नियमों का उल्लंघन किया गया है। यही नहीं सीआरपीएफ ने कहा कि राहुल गांधी की सुरक्षा में पूरे प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी गई है और उसके मानकों के तहत कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है, लेकिन खुद राहुल गांधी ही कई बार सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर चुके हैं और लोगों से मिलने के लिए निकल जाते हैं।

### देश में कोरोना का खतरा

## चीन समेत 6 देशों से आने वालों पर बढ़ेगी सख्ती

### अगले हफ्ते से जरूरी हो सकती है निगेटिव RT-PCR

**नई दिल्ली ,ईएमएस।** भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच चीन समेत 6 देशों से आने वाले यात्रियों पर अगले हफ्ते से सख्ती बढ़ाई जा सकती है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हॉन्गकॉन्ग, थाईलैंड और सिंगापुर से आने वाले पैसेंजर्स को एयर सुविधा फॉर्म भरना और 72 घंटे पहले का निगेटिव RT-PCR रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य किया जा सकता है। इधर, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार को कोविशील्ड की दो करोड़ डोज फ्री देने के कहा है। SII में सरकार और नियामक मामलों के डायरेक्टर प्रकाश कुमार सिंह ने इस मामले पर स्वास्थ्य मंत्रालय को लेटर लिखा है। लेटर में उन्होंने 410 करोड़ रुपए की फ्रीडोज देने की बात कही है। कंपनी ने चीन समेत कई देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी के बीच यह फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक, डायरेक्टर प्रकाश कुमार ने लेटर के जरिए मंत्रालय से पूछा कि कोविशील्ड की डिलीवरी कैसे की जाए? बता दें कि SII वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत भारत में अब तक कोविशील्ड की 170 करोड़ से अधिक डोज दे चुका है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने UAE से आने वाले पैसेंजर्स के लिए मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य कर दिया है। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, देश में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा 220 करोड़ डोज को पार कर गया है। बिहार में कोरोना केसेस में 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है। राज्य स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, राज्य में रविवार तक कोई भी एक्टिव केस नहीं था। अब यहां केसों की संख्या 14 है। इनमें से 12 अकेले गया में हैं।

## केरल में पीएफआई पर NIA की बड़ी कार्रवाई

### दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। जहां गुरुवार तड़के एनआईए की टीम ने पीएफआई के दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है। पीएफआई पर लगे बैन के बाद से ही एनआईए की नजरें इसको लेकर चौकन्नी हैं। बीते महीनों पहले एक बार एनआईए ने ऐसी ही बड़ी कार्रवाई कर पीएफआई के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। पीएफआई पर सितंबर महीने में आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूहों से रिश्तों की बात सामने आई थी। जिसके बाद पीएफआई और इससे जुड़े करीब आठ सहयोगी संगठनों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया था। बताया जा रहा है कि पीएफआई के लोग दोबारा से संगठन को अमल में लाने की कोशिशें कर रहे थे।

## पीएम मोदी की मां की हालत स्थिर

### दो-तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है,

**अहमदाबाद, ईएमएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा की तबीयत खराब है। मंगलवार देर रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद हीराबा को अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। उनकी सेहत की जानकारी लेने बुधवार को पीएममोदी अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल पहुंचे थे।भाजपा के राज्यसभा सांसद जुगलजी ठाकोर ने बताया कि प्रधानमंत्री मां हीराबा की तबीयत को लेकर चिंतित थे, लेकिन डॉक्टरों से बातचीत के बाद वे सीधे दिल्ली के लिए निकल गए। ठाकोर ने दावा किया कि हीराबा को अगले दो-तीन दिन में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। फिलहाल उनकी तबीयत ठीक है। अस्पताल ने बुधवार दोपहर को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया कि हीराबा की तबीयत स्थिर है।

मां की तबीयत की जानकारी मिलते ही पीएम मोदी के छोटे भाई प्रहलाद मोदी और उनके परिवार के सदस्य भी बुधवार को अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। मंगलवार को कर्नाटक के मैसुरु में कार दुर्घटना में घायल होने के बाद सभी को मैसुरु के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।

सूक्ष्म वैदिक गणना युक्त

विश्वसनीय पंचांग

### उज्बेकिस्तान का दावा, भारत में बनी सिरप पीने से 18 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि डॉक-मैक्स नामक एक भारतीय दवा कंपनी की बनाई खांसी की दवा पीने के बाद वहां 18 बच्चों की मौत हो गई है। दवा पिलाई जाने के बाद बच्चों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी और उनकी जान चली गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मामले का संज्ञान लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। डब्ल्यूएचओ उज्बेकिस्तान में स्वास्थ्य अधिकारियों के संपर्क में है और आगे की जांच में सहायता करने के लिए तैयार है। भारत सरकार या दवा निर्माता कंपनी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## घर वालों ने स्मार्टफोन चलाने से मना किया तो नाबालिग फांसी पर झूली

**इंदौर ,ईएमएस।** मोबाइल का क्रेज दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। बच्चे हों या बुजुर्ग सब स्मार्टफोन के दीवाने हैं। युवाओं में गेम खेलने की लत भी तेजी से बढ़ती जा रही है। आज यानी बुधवार को मध्य प्रदेश में एक 16 साल की लड़की ने सुसाइड कर लिया। नाबालिग के घरवालों ने उसे स्मार्टफोन चलाने से मना किया। महज इस बात से नाराज होकर 16 साल की लड़की फांसी के फंदे से लटक गई। घरवालों को ये बात जैसे ही मालूम चली वो उसे हॉस्पिटल लेकर गए। लेकिन लड़की की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी गोपाल सिंह ने बताया कि चंदन नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 साल की राहिमीन दसवीं कक्षा की छात्रा थी। पिता बैग बेचने का काम करते हैं। वो कुछ ही समय पहले उत्तर प्रदेश से इंदौर व्यापार करने आए थे। रोजाना छात्रा जब स्कूल से घर लौटती थी तो मां का मोबाइल लेकर उस पर गेम खेलने लगती थी। इस बात को लेकर कई बार घर वालों ने लड़की को डांटा और उसे पढ़ाई करने के लिए कहा। नाबालिग इस डांट से इतना अधिक आहत हो गई कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पिता ने कहा- क्या अब बच्चों को डांटना भी गलत ?

पिता का कहना था कि छात्रा रोजाना स्कूल से जब घर वापस आती थी तो उसकी मां पढ़ाई करने के लिए कहती थी। मां और बेटी के बीच कई बार इस बात को लेकर नोकझोंक हुई। परिवार का कहना था कि क्रिसमस की छुट्टियां चल रही है जिसके चलते छात्रा मोबाइल पर दिनभर गेम खेल रही थी। लेकिन वो ऐसा कदम उठा लेगी इसपर यकीन नहीं हो रहा है।

### फरवरी से टूरिस्ट देख सकेंगे चीते

## बड़े बाड़े से खुले में होंगे शिफ्ट कूनो का तीसरा गेट भी खुल जाएगा

**भोपाल, यशभारत।** इंतजार खत्म। फरवरी में टूरिस्ट कूनो में चीते देखने जा सकेंगे। जनवरी के आखिरी या फरवरी के शुरुआत में 500 हेक्टेयर के बड़े बाड़े से चीतों को अब खुले में छोड़ा जाएगा। और फरवरी में टूरिज्म शुरू हो जाएगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक सभी चीते स्वस्थ हैं और शिकार करने लगे हैं। चीता टूरिज्म डेवलप करने के लिए सरकार सहरिया आदिवासी परिवारों को होम स्टे चलाने की ट्रेनिंग दे रही है। इसके लिए उन्हें हाइजीन कैसे मेंटेन करें और विदेशियों के लिए खाना कैसे बनाएं, ये सिखाया जा रहा हैं। उनके घरों में मरम्मत के अलावा स्ट्रक्चर में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। 4 सहरिया परिवारों की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है, छह और की ट्रेनिंग चल रही है। नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिसन (एनआरएलएम) और इकोटूरिज्म बोर्ड ने इन घरों को सिलेक्ट किया है। चीते आने के बाद कूनो आनेवाले टूरिस्ट की संख्या बढ़ी है। अहेरा और पील-बावड़ी सालभर में मुश्किल से 20-30 गाड़ियां आती थीं, सितंबर के बाद से हर दिन 3-4 गाड़ियां आती हैं। जबकि टिकटोली गेट से पिछले साल 1200 गाड़ियां आई थीं। चीता सफारी के लिए नियम कायदे टाइगर रिजर्व की तरह ही होंगे। कूनो के लिए भी टूरिस्ट ऑनलाइन बुकिंग कर पाएंगे। सुबह और शाम की शिफ्ट में सफारी होंगी। कूनो में 3 जोन हैं। अहेरा, पील-बावड़ी और टिकटोली। टिकटोली वो इलाका है जहां चीते हैं।टिकटोली पिछले सीजन से ही टूरिस्ट के लिए बंद है। टिकटोली जोन में ट्रैक पुराना है, नई सफारी का रूट भी पुराना ही है, लेकिन चीतों के प्रोटेक्शन के लिए ट्रैक को रिपेयर किया गया है। तीनों जोन में 180 किमी का ट्रैक है। जहां चीता है, वहां 70-80 किमी का ट्रैक है। इसी पर टूरिस्ट जा सकेंगे। विदेशी पर्यटकों के लिहाज से कूनो को तैयार करने के लिए इन दिनों वहां 60 गाइड्स को अंग्रेजी भी सिखाई जा रही है। विश्व में पहली बार जानवरों का इंटर कॉन्टिनेंटल ट्रांसलोकेशन हुआ है।

# थर्ड लाइन प्रोजेक्ट से कटनी होगा देश का सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण रेलखंड

## देश के रेल नक्शे में और भी महत्वपूर्ण होगा जिला

## बढ़ेगी रेल क्षमता ,आधारभूत संरचना का यह सबसे महत्वपूर्ण कार्य

**कटनी, यशभारत।** कटनी का नाम रेल के मामले में पहले से ही पूरे देश में चर्चित वर्षों से रहा है। डीजल शेड के बाद इलेक्ट्रिक लोको शेड देश के चुनिंदा रेल इंजन रिपेयर के महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। अब कटनी जिले में रेलवे के कई ऐसे कार्य चल रहे हैं जो कटनी को नए वर्ष में देश में ख्याति दिलाएंगे।

### रेल नक्शे में प्लस का निशान बनाता है कटनी

कटनी जंक्शन एक मात्र ऐसा जंक्शन है जहां से चार ही नहीं पांच दिशाओं के लिए पूरी तरह से अलग रेल मार्ग है। इसे देश के रेल नक्शे में देखें तो एक प्लस अर्थात धन का निशान बनाने वाली रेल लाइन कटनी स्टेशन से कुछ ही दूरी पर नजर आती है। कटनी साउथ से मेल स्टेशन के बीच यह रेल लाइन अपने आप में अनोखी दिखती है।

### अब थर्ड लाइन से पहचाना जाएगा

अब कटनी एक साथ तीन तीन रेल लाइन के लिए पहचाना जाने वाला है यह देश का पहला ऐसा शहर होगा जहां से करीब 500 किलोमीटर तक एक साथ तीन रेल लाइनों पर ट्रेन दौड़ेंगी। जरा कल्पना कीजिए इन तीन लाइन पर एक साथ ट्रेन चलने का क्या नजारा होगा। श

### अनूपपुर रेल मार्ग पर चल रहा आधारभूत संरचना का कार्य

अनूपपुर-कटनी रेल मार्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक महत्वपूर्ण तथा व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर भारत से जोड़ती है। परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइन का निर्माण आवश्यक है। इससे आधारभूत संरचना में विकास के साथ नई यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों भी प्रभावित नही होगी।

### विलायतकलां स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ा जा रहा

इसी दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अंतर्गत अनूनपुर-कटनी सेक्शन के विलायतकलां रोड रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटर

लॉकिंग का कार्य किया जाएगा। ज्ञात हो कि अनूपपुर-कटनी रेलमार्ग की लंबाई 134 किलोमीटर है, जिसके विभिन्न स्टेशनों को तीसरी लाइन से जोड़ा भी जा चुका है। इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है।

### बिना ट्रेन प्रभावित किये आज और कल होगा तीव्र कार्य

इस कार्य को तीव्र गति से पूरा करने हेतु मंडल के विलायतकलां रोड स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के अंतर्गत नान-इंटरलाकिंग का कार्य 29 से 30 दिसम्बर 2022 तक किया जाएगा। अभिनव तरीके से संपादित किए जाने वाले इस कार्य के सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें किसी भी यात्री ट्रेन को कैंसिल, रेगुलेशन, रिशिड्यूलिंग, शॉर्ट टर्मिनेटिंग, डाइवर्जिंग नही किया जा रहा है। इसके तहत नान-इंटरलाकिंग का जो कार्य 02 दिनों में किया जाएगा।

### गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आएगी

अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक बहुत महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक लाइन है, जो मध्य भारत के इस क्षेत्र को उत्तर भारत से जोड़ने हेतु सेतु का कार्य करती है। अनूपपुर से अंबिकापुर और उससे भी आगे इस पूरे क्षेत्र की मध्य भारत और दिल्ली, भोपाल, जबलपुर, कोटा, इलाहाबाद जैसे महत्वपूर्ण नगरों से जुड़ाव इसी लाइन के द्वारा होता है। तीसरी लाइन का कार्य पूरा होते ही भविष्य में गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आने के साथ ही इस क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के नए आयाम प्रशस्त होंगे।

### मेन स्टेशन के विकास की योजना तैयार

कटनी के तीन प्रमुख रेल स्टेशन में विकास के कार्य निरंतर जारी है अब कटनी के मुख्य स्टेशन पर सुविधाओं को और अधिक बढ़ाने का कार्य शुरू होगा। रेलवे बोर्ड द्वारा घोषित अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जबलपुर मंडल के 15 स्टेशनों को शामिल किया गया हैं। इन स्टेशनों का रेलवे के द्वारा पुनर्विकास किया जाएगा। जिसमें मंडल के कटनी मुडवारा, कटनी साउथ, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, पिपरिया, गाडरवारा, श्रीधाम, करेली, रीवा, सिहोरा, ब्यौहारी, मैहर सहित बरगवां शामिल हैं। जिसमें जल्द ही यात्री सुविधाओ के अनुकूल विकास के कार्य प्रारम्भ किये जाएंगे। वहीं जबलपुर और सतना स्टेशन को रानी कमलापति स्टेशन की तर्ज पर तीव्र गति से विकास किया जायेगा। जिसकी डिजाइन भी रेलवे के द्वारा तैयार कर ली गई है। यह जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने दी।

### रेल फ्लाईओव्हर ग्रेड सेपरेटर ने पहले ही दी है पहचान

भारत का सबसे लंबा रेलवे वायडक्ट (रेल फ्लाई ओवर) मध्यप्रदेश के कटनी में बनाया जा रहा है। करीब 35 किलोमीटर लंबे इस रेलवे वायडक्ट का निर्माण कार्य 1250 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। रेलवे वायडक्ट (रेल फ्लाई ओवर) को बनाने का काम तेजी से चल रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि वायडक्ट को बनाने के लिए तय की निर्धारित समय सीमा में ये बनकर तैयार हो जाएगा।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 108 दीप प्रज्वलन एवं महारती

**कटनी, यशभारत।** श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में गत दिवस 108 दीप प्रज्वलन एवं महारती का भव्य आयोजन अवध पांडे एवं अंश तोमर के द्वारा किया गया, जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मृदुल मिश्रा भाजपा नेता अक्षय श्रीवास्तव मुड़वारा मंडल अध्यक्ष पारस जैन मुड़वारा मंडल उपाध्यक्ष अर्शिव सेन, रचित निषाद,राघव गौर, वेदांत विश्वकर्मा, कृष्णा, प्रियांश सोमिल, अनिरुद्ध, यश, अक्षत, ईशान, कुश, शुभ, अर्जुन, संभव, अंश एवं अधिक संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

नीरज सिनेप्लेक्स में



कॉमेडी का जबरदस्त तड़का
रोजाना 3 शो ता. 23 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 100/-
लोवर क्लास-60/-
बॉक्स- 120/-
अपर क्लास-80/-

# प्रखर , शौर्या और अथर्व ने जीता शतरंज का खिताब

## विजेताओं ने अपने अभिभावकों के साथ ग्रहण की विजेता ट्राफी

**कटनी, यशभारत।** श्री परिवार नवयुवक मंडल और जिला शतरंज अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता के विजेता मास्टर्स को पुरस्कार वितरण सत्र में ट्राफी एवं नगद राशि के अवार्ड प्रदान किए गए। सीनियर ग्रुप से प्रखर बजाज जूनियर ग्रुप से शौर्या निगम और सब जूनियर ग्रुप से अथर्व पलटा विजेता रहे। उन्हें क्रमश पांच तीन व दो हजार का नगद अवार्ड दिया गया द्य तीनों ग्रुप के उपविजेता क्रमशः गौरव निगम शुभ बहोलिया और हितांश जैन तथा हार्डलाइन (तृतीय) विजेता सुधीश रजक सौरभ कुशवाहा सुश्री अनुष्का तिवारी को ट्राफी व नकद राशि दी गई। तीनों वर्गो से चतुर्थ व पांचवें स्थान के विजेता क्रमशः शेखर वर्मा बहादुर सिंह दीपांश बिलैया युवराज सिंह तथा पियूष तिवारी कुमारी अनन्या अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। केसीएस सभागार में विजेताओं को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति संजीव सूरी (महापौर) अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह धाकरे (आयुक्त) विशिष्ट अतिथि डॉ एसके खम्परिया (संस्थापक केडीसीए) प्राचार्य विवेक दुबे रामकृष्ण गुप्ता केएम गट्टानी जेपी निषाद वीरेंद्र ताम्रकार एवं आयोजक समिति के सचिव प्रदीप कुमार पुरवार के द्वारा किया गया। अर्बीटर सीबीएस अहिरवार शेख हामिद खान शेखर वर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत प्रदीप कुमार पुरवार,अखिलेश पुरवार, वैभव पुरवार जतिन पुरवार प्रांशुल पुरवार ने किया। अतिथि उद्बोधन में मुख्य अतिथि मेयर प्रीति संजीव सूरी ने शतरंज खेल के प्रादुर्भाव को बताते हुए इसे ज्ञानवर्धक खेल बताया। अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह धाकरे ने शतरंज प्रतियोगिता के आयोजनों को प्रतिभा को निखारने का माध्यम कहा तथा डॉ एस के खम्परिया ने शतरंज के क्षेत्र में कटनी से दो -दो अंतरराष्ट्रीय शतरंज मास्टर के अवतरण की गौरवपूर्ण जानकारी दी।

### पूर्वजों की स्मृति में इन्होंने भेंट किया अवार्ड

शतरंज स्पर्धा के विजेता एवं टॉप फाइव स्थान पर आने वाले मास्टर्स के लिए नगद एवं ट्राफी श्री पुरवार नवयुवक मंडल के समाजसेवियों ने अपने अपने पूर्वजों की स्मृति में उपलब्ध कराई। इनमें सर्वश्री प्रेम पुरवार गोपाल दास, किशोर पुरवार, प्रदीप कुमार पुरवार, प्रोफेसर ऋषिराज पुरवार, कुलभूषण पुरवार, संदीप पुरवार, गोपाल पुरवार, हिमांशिका पुरवार शामिल थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य देशभक्ति गीत एवं गीत भजन प्रस्तुत किए गए। कुमारी खुशी पुरवार पिंकी चक्रवर्ती ने नृत्य ईश्वरदास पुरवार ने देशभक्ति काव्य प्रस्तुति तथा अनिल ताम्रकार ने सुगम संगीत गायन केशर पुरवार ने भजन प्रस्तुत किया। संचालन अमीन खान ने किया एवं आभार प्रदर्शन ईश्वर दास रोहिरा ने किया।

# गोदाम का ताला तोड़कर घुसे चोरो का अब तक सुराग नहीं

**कटनी, यशभारत।** फारेस्टर प्लेग्राउंड के हाकी संघ व बैडमिंटन हाल के पीछे की गोदाम में ताला तोड़कर घुसे अज्ञात बदमाशों ने कई नग लोहे के पाइप व खेल सामग्री पार कर दी। इस घटना को करीब 10 दिन बीत गए हैं लेकिन यह खेल मैदान को निशान बनाने वाले चोरों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा। आपको बता दें कि विगत 17 तारीख को सुबह मैदान पहुंचे संघ के पदाधिकारियों को चोरी की जानकारी लगी। इसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थल का निरीक्षण किया है। चोरों के संबंध में जानकारी जुटाने की कोशिश की लेकिन अब तक कोई सुराग हासिल नहीं हुआ फारेस्टर प्ले ग्राउंड में हॉकी व बैडमिंटन हाल बनाया गया है। इसके पीछे गोदाम में खेल आयोजन के दौरान लगने वाले पाइप व अन्य सामग्री रखी जाती है। चोरों ने बैडमिंटन हाल की ओर से ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बीच के दरवाजे से होते हुए अंदर गए और लगभग 40 से 50 पाइप व अन्य सामग्री उन्होंने पार कर दी। खिलाड़ियों ने बताया कि इससे पहले लोहे का गेट भी चोरी हो चुका है। बड़े स्तर पर लोहे के पाइप ले जाने को लेकर अनुमान है कि चोरी करने वालों को जगह की पूरी जानकारी थी और वह सामग्री ले जाने के लिए साथ कोई वाहन भी लाए होंगे।

## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी

पत्र क्रमांक 315/का.से./2022 — सार्वजनिक सूचना — कटनी, दिनांक 28/12/2022

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23(4) अन्तर्गत नगरपालिक निगम कटनी क्षेत्रान्तर्गत 31 दिसम्बर 2016 के पूर्व अस्तित्व में आई अनाधिकृत कालोनियों में नागरिक अधोसंरचना प्रदाय किये जाने हेतु निम्नलिखित कालोनियों के अभिन्यास (लेआउट) का प्रारूप तैयार किया गया है:-

| क्र. | वार्ड क्रमांक एवं नाम | कालोनी/ कालोनाइजर का नाम | सर्व क्रमांक /खरारा क्रमांक | क्षेत्रफल (एकड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | वार्ड क्र.16 रफी अहमद किदवई वार्ड (जाग्रति कालोनी) | श्रीमती सुधा अवस्थी/श्री राजेन्द्र नारायण अवस्थी | 571, 000 582, 581, 572, 577, 570 | 10.75 |
| 02. | वार्ड क्र.15 आचार्य विनोबा भावे वार्ड | जशपाल/अकरीम सिंह मनजीत कौर/जसपाल सिंह बावेजा निवासी अमरकंटक रोड बुद्धार शहडोल | 588/1, 589, 591/1, 592/1 तथा 594/1 624, 625, 626, 627 | 11.54 |
| 03. | वार्ड क्र.15 आचार्य विनोबा भावे वार्ड | नन्द किशोर /दुर्जन चौधरी निवासी -खिरहनी कटनी | 1300/2, 1307 | 7.44 |
| 04. | वार्ड क्र.16 रफी अहमद किदवई वार्ड कटनी | तुलसा/रामचरण उदय जमुना राजकुमार तीनो पुत्र रामचरण सुभद्रा नन्ही बाई दोनो पुत्री रामचरण निवासी- खिरहनी कटनी | 587/1, 591/2, 592/2ए, 594/2 593, 628, 629, 630 631, 595 | 8.77 |
| 05. | वार्ड क्र. 04 इंदिरा गाँधी वार्ड | रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी/कौशल प्रसाद निवासी कटनी | 243 / 16, 244 / 27, 245/36 | 7.08 |
| 06. | वार्ड क्र. 05 राममनोहर लोहिया वार्ड कटनी | मैदा बाई /रामदास प्रहलाद यल्द रामदास हरिशंकर प्रेमनारायण वगैरह एवं अन्य | 337, 338 एवं 290/1 | 4.5 |
| 07. | वार्ड क्र. 21 अम्बेडकर वार्ड | बोधी केवट सरजू/ नचिया सूरजवती निवासी अम्बेडकर वार्ड कटनी | 1458/1, 1458 /2 से 1458/13 | 5.215 |
| 08. | वार्ड क्र. 04 इंदिरा गाँधी वार्ड | त्रिवेणी बाई पत्नि बाबूलाल विश्वकर्मा | 244, 251 | 4.48 |
| 09. | वार्ड क्र. 11 जगमोहनदास वार्ड, कटनी | श्री बुद्ध सेन /रामअवध पाण्डेय | 480/1क, 480/2, 480/3, 480/4, 480/5, 480/6, 480/7, 480/8, 480/8, 480/9, 480/10, 480/11, 480/12, 480/13, 480/14, 480/15, 480/16, 480/17, 480/18, 480/19, 480/20, 480/21, 480/22, 480/23, 480/24, 480/25, 480/26, 480/27, 480/28, 480/29, 480/30, 480/31, 480/32, 480/33, 480/34, 480/35, 482/1 से 482/12, 483/2क से 483/3, 483/4, 485/5, 485/6, 485/7, 485/8, 485/9, 485/10, 485/11, 565/1, 565/2, 565/3, 565/4, 566/1, 566/2, 566/3, 566/4, 566/5, 566/6, 566/7, 566/8, 566/9,566/10, 566/11, 566/12, 567/1, 567/2, 567/3, 567/4, 567/5, 567/6, 567/7, 567/8, 567/9, 567/10, 567/11, 567/12, 567/13, 567/14, 567/15, 567/16, 567/17, 567/18, 567/19, 567/20, 570/2, 570/3, 570/4, 570/5, 570/6, 570/7, 570/8, 570/9, 570/10, 570/11, 570/12, 570/13, 570/14, 570/15, 570/16 570/17, 570/18, 570/19, 570/20, 686, 685/1, 685/2, 684, 678/1, 678/2, 678/3, 683/1, 683/2, 683/3, 683/4, 683/5, 683/6, 683/7, 683/8, 683/9, 683/10, 683/11, 683/12, 681/1क, 681/2, 680/1, 680/2, 680/3, 680/4, 680/5, 680/6, 680/7, 680/8, 680/9, 679/1, 679/5 | 12.07 |
| 10. | वार्ड क्र. 11 जगमोहनदास वार्ड | श्री जगन्नाथ प्रसाद/बद्रीप्रसाद /हरी प्रसाद पिता गलई तरजनिया पत्नि श्री गलई, श्री सुनील कुमार श्री अनिल कुमार आत्मज श्री मदन/कुसुम बाई हरि मोहन | 601, 605, 603, 641, 642/6 जी.ए. 646, 649, 650/1, 650/2, 650/3, 650/4, 650/5, 650/6, 650/7, 650/8, 650/9, 650/10, 650/11, 650/12, 650/13, 650/14, 650/15, 650/16, 650/17, 650/18, 608/1, 608/1, 608/2, 608/3, 608/4, 609/1, 611/1, 611/2, 611/3, 611/4, 612/1, 612/2, 612/3, 612/4, 612/5, 612/5, 612/6, 612/7, 612/8, 612/9, 612/10, 612/11, 617, 618/1, 618/2, 618/3, 618/4, 618/5, 618/6, 618/7, 618/8, 618/9, 619, 615/1, 615/2, 615/3, 615/4, 616, 613/2क, 613/3, 613/4, 613/5, 613/6, 613/7, 613/8, 613/9, 613/10, 613/11, 613/12, 613/13, 613/14, 613/15, 613/16, 613/17, 613/18, 613/19, 613/20, 614/21, 614/22, 614/23, 613/24, 614/1, 614/2, 614/3, 614/4, 614/5, 614/6, 614/7, 614/8, 614/9, 614/10, 614/11, 614/12, 614/13, 656, 641, 642 | 10.97 |
| 11. | वार्ड क्र. 11 जगमोहनदास वार्ड | श्री मंगल काछी/श्री गुलाब काछी/श्री विजय काछी श्रीमती अजब बाई /श्री परसू/ बिल्लू पुत्री श्री मंगल काछी | 620/2ख, 620/3, 620/4, 620/5, 620/6 620/7, 620/8, 620/9, 621/1, 621/2, 621/3, 621/4, 621/5, 621/6, 621/7, 621/8, 621/9, 621/10, 621/11, 621/12, 621/13, 621/14, 621/15, 621/16, 621/17 623/1, 623/2, 623/3, 623/4, 623/5, 623/6, 623/7, 623/8, 623/9, 623/10, 663, 668, 669, 673, 674, 675, 676, 620/2, 624, 627 | 9.0 |
| 12. | वार्ड क्र. 21 अम्बेडकर वार्ड | गीतिका/अमित कुमार जैन निवासी- रघुनाथ गंज वार्ड, कटनी | 1484/1 | 1.87 |
| 13. | वार्ड क्र. 13 वेंकट वार्ड, कटनी | दुर्गा प्रसाद खरे/स्व. गंगाराम खरे निवासी- शास्त्री कालोनी राजीव गाँधी वार्ड, | 913, 923, 924, 925, 926/1, 924/1, 928 | 13.46 |

उपरोक्त कालोनियों के हितधारक, जिसमें भूखण्ड /भवन के स्वामी भी सम्मिलित है, इस संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव है तो 15 दिवस की अवधि के भीतर कार्यालय में दर्ज करा सकते है। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने पर यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है।

आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी

# अटल स्मृति रत्न से मातृशक्तियां सम्मानित

## विश्व हिन्दी रचनाकार मंच एवं सर्वधर्म जनसेवा मंच समिति का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम अटल स्मृति रत्न सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम सिविल लाइन रेस्ट हाउस में श्रीमती रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली से कटनी नगर आगमन विश्व हिन्दी रचनाकार मंच के संस्थापक/अध्यक्ष राघवेन्द्र ठाकुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्या प्रभा परौंहा ने की। विशिष्ट अतिथि हेमलता शर्मा सर्वधर्म जनसेवा मंच समिति प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सैनी, मनीषा प्यासी, रीता दुबे सहित सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रभा परौंहा द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

उक्त अवसर पर मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित सभी मातृशक्तियों को उत्साहित करते हुए उन्हें श्रीमती रचना अर्चना रजक एवं चांदनी रैदास द्वारा रोली तिलक व बैंच लगाकर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। अटल स्मृति रत्न सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम में शिक्षिका यशोदा कोरी द्वारा प्रेरणा गीत गाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राघवेन्द्र ठाकुर के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो हेतु सेवाभावी समाजसेवी मातृशक्तियों को अटल स्मृति रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। विचारों को व्यक्त करते हुए श्रीमती तिवारी ने कहा कि अटल जी सचमुच अटल थे कार्यक्रम में उपस्थित सभी मातृशक्तियां राधा अनिल कुमार, सारिका गुप्ता, सायरा बनोफ, मोनिका जैन, सरस्वती सोनी को अटल स्मृति रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

### अब क्षेत्रीय नागरिक करेंगे आंदोलन

**कटनी, यशभारत।** कटनी के बड़े रहवासी क्षेत्र बालाजी नगर के शासकीय पुरवार हाईस्कूल स्कूल में पहुंच मार्ग की दुर्दशा के खिलाफ अब अभिभावक क्षेत्रीय नागरिक विरोध प्रदर्शन का सहारा लेने वाले हैं। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से तंग होकर उन्होंने यह फैसला लिया है। क्षेत्रीय नागरिक आंदोलन की रूप रेखा तैयार रहे हैं। स्कूल में बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए पिछले दस साल से कच्चे मार्ग से होकर गुजरते हैं। उड़ती धूल व उबड़खाबड़ मार्ग से गुजरने की पीड़ा के साथ ही वर्षा के दिनों में छात्रों को दलदल के बीच से होकर स्कूल तक पहुंचना होता है। कालोनी के वैध न होने की बात कहकर अधिकारी सड़क का निर्माण न हो पाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।कई बार मार्ग का निर्माण कराने का प्रस्ताव तैयार कराया गया लेकिन आज तक उसपर काम नहीं हो पाया है। शासकीय पुरवार स्कूल पूर्व में शेर चौक में संचालित होता था।बच्चों की संख्या अधिक होने के कारण वर्ष 2013 में शिवनगर से लगे बालाजी नगर में हाईस्कूल के लिए अलग से भवन बनाया गया था।जिसमें पहले छात्राएं बस पढ़ती थीं और उसके बाद छात्रों को भी इसी स्कूल में प्रवेश दिया जाने लगा।वर्तमान में स्कूल में 120 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं।शिवनगर तक नगर निगम ने पक्के मार्ग का निर्माण कराया है और जैसे ही बालाजी नगर कालोनी प्रारंभ होती है,वहां से लेकर स्कूल तक का लगभग आधा किमी. का मार्ग कच्चा व जर्जर है।इसी मार्ग से होकर बच्चे स्कूल तक पहुंचते हैं। स्कूल के पहुंच मार्ग पर हर बार नगर निगम सुधार के नाम पर मिट्टी व मलबा डालकर खानापूर्ति कर देता है।जिसके चलते वर्षा के दिनों में जहां पूरा मार्ग दलदल बन जाता है तो बाकी दिनों में उड़ती धूल और निकले पत्थरों के बीच से बच्चे गुजरते हैं और घायल होते हैं।इसके अलावा मार्ग की उड़ती धूल से उनके कपड़े भी खराब होते हैं।स्कूल के अलावा यहां पर लगभग 50 घरों की बस्ती है और उनमें रहने वालों को भी जर्जर मार्ग से होकर ही गुजरना होता है। आपको बता दें कि बालाजी नगर के गेट से लेकर स्कूल तक के मार्ग का पक्का निर्माण कराने को लेकर पूर्व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी नगर निगम को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए थे। कालोनी के वैध न होने के बाद भी छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखकर मार्ग बनाने को कहा था।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 4 शो ता. 23 से
सुबह 11-2डी, 2.30-3डी, 6-3डी एवं रात्रि 9.30-2डी बजे से
अवतार
3D (हिन्दी में)
टिकट रेट
3डी- 250/-, 220/-, 150/-
2डी - 250/-, 230/-, 190/-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
कॉमेडी का नया तड़का क्रिसमस और नये वर्ष में सपरिवार देखने योग्य फिल्म
रोजाना 5 शो ता. 23 से
सुबह 10.45, 1.15, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से



सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट रेट
300/-
220/-
150/-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, गुरूवार, 29 दिसम्बर 2022

# हितग्राहियों को 70 हजार की बजाय एक लाख का कर दिया भुगतान

## ग्राम पंचायत गुड़गुड़ौहा में इंदिरा आवास योजना की राशि के आवंटन में गड़बड़झाला

**कटनी, यशभारत।** इंदिरा आवास योजना में किस तरह अनियमितताएं बरतते हुए शासकीय राशि का गबन किया जा रहा है, इसका एक उदाहरण जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़गुड़ौहा में सामने आया है, जहां जिम्मेदारों ने मिलीभगत करते हुए हितग्राहियों को स्वीकृत राशि से अधिक का भुगतान कर दिया। अब इस पूरे मामले की जांच की मांग की जा रही है। ग्राम गुड़गुड़ौहा निवासी दीपक बर्मन सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर अवि प्रसाद के नाम एक शिकायत देकर शासकीय राशि गबन की जांच एवं

**कलेक्टर, एसपी लोकायुक्त, जिला पंचायत सीईओ से शिकायत**

संबंधित लिपिक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। कलेक्टर को दी गई शिकायत में बताया गया है कि जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडग़ुड़ौहा में में वर्ष 2015-2016 में इंदिरा आवास योजना के तहत आवास निर्माण हेतु प्रति हितग्राही को 70 हजार रूपये स्वीकृत हुये थे। शासन के नियमानुसार प्रत्येक हितग्राही को 35 हजार रूपए प्रथम किश्त एवं दूसरी किश्त में भी इतनी ही राशि का भुगतान किया जाना था लेकिन फूलचंद्र प्यासी लिपिक इंदिरा आवास योजना प्रभारी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत गुड़गुड़ौहा के हितग्राही छोटेलाल कोल, ललित कोल, अगसिया कोल, प्रेमबाई कोल, अंगद चौधरी, रामचरण यादव से मिलीभगत करते हुए दो किश्त की स्वीकृत राशि 70 हजार रूपए की बजाए प्रति हितग्राही को 35 हजार रूपए का अधिक भुगतान करते हुए शासकीय राशि का गबन किया गया। शिकायतों में कहा गया है कि वर्ष 2014-2015-2016 में इंदिरा आवास योजना के बिलों से किए गए भुगतान की जांच कराने से पूरा मामला उजागर हो जाएगा। शिकायत की प्रतिलिपि एसपी लोकायुक्त जबलपुर, जिला पंचायत जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सीईओ को भी भेजकर कार्यवाही की मांग की गई है।

# दूरदर्शन के लो पॉवर ट्रांसमीटर एलपीटी सेंटर में लगाया जा रहा एफएम ट्रांसमीटर

## शहर को नए साल में मिलेगी एफएम की सौगात

**कटनी, यशभारत।** शहर के लाखों रेडियो प्रेमियों को नए साल में एफएम की सौगात मिलने वाली है। जिला रेडियो श्रोता संघ द्वारा विगत 20 वर्षों से कटनी में एफएम शुरू करने के लिए संघर्ष किया जा रहा था। रेडियो श्रोताओं की बहुप्रतीक्षित मांग अब दो दशक बाद पूरी होने जा रही है। जानकारी के मुताबिक कटनी में सिविल लाइन स्थित दूरदर्शन के लो पॉवर ट्रांसमीटर एलपीटी सेंटर में एफएम का ट्रांसमीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसकी टेस्टिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। दूरदर्शन रिले ट्रांसमीटर के बंद हो चुके टावर में एफएम एंटीना लगाया जा रहा है, जिससे आने वाले नए साल में शहर के लोगों को एफएम की सौगात मिल जाएगी। संभवतः जनवरी में शहर के लोग एफएम रेडियो का लाभ ले सकेंगे। जिला रेडियो श्रोता संघ के अनवरत संघर्ष एवं प्रयासों के बाद कटनी में एफएम रेडियो ट्रांसमीटर स्थापित होने जा रहा है, जिसको लेकर शहर के रेडियो श्रोताओं में हर्ष एवं उत्साह व्याप्त है।



**जिला रेडियो श्रोता संघ ने जताया हर्ष**

### 2016 में हुआ था सर्वे, मिनिस्ट्री में लंबित था प्रपोजल

गौरतलब है कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लाखों रेडियो प्रेमियों को एफएम की सौगात दिलाने के लिए कटनी स्थित दूरदर्शन के लो पॉवर ट्रांसमीटर एलपीटी सेंटर में एफएम का ट्रांसमीटर लगाने 2016 में सर्वे हुआ था। सर्वे प्रसार भारती विभाग ने किया और प्रस्ताव बनाकर मिनिस्ट्री को भेज दिया गया। मिनिस्ट्री में यह प्रस्ताव काफी समय से लंबित था और यहां लोग एफएम का इंतजार कर रहे थे। मिनिस्ट्री से सेक्शन नहीं होने के कारण जिले के लोग एफएम रेडियो का लाभ नहीं ले पा रहे हैं लेकिन अब कटनी के लोगों को जल्द ही एफएम की सुविधा मिलने जा रही है।

### सांसद ने लोकसभा में उठाया था मामला

जानकारी के मुताबिक सांसद व्ही डी शर्मा ने लोकसभा में 10 मई को कटनी में एफएम की स्थापना किए जाने का मामला उठाया था। बताया जाता है कि सांसद श्री शर्मा ने रेडियो श्रोता संघ के पत्र के आधार पर लोकसभा में यह मामला उठाते हुए कहा था कि देश में 412 ऐसे सेंटर हैं, जहां से दूरदर्शन का प्रसारण बंद हो चुका है और यह जमीन सरकारी है। यहां एफएम शुरू किए जाने के लिए पूरे संसाधन मौजूद है। यहां से संसाधनों को न हटाते हुए एफएम शुरू किया जा सकता था। सांसद की पहल पर महानिदेशक दूरदर्शन नई दिल्ली ने कटनी में सिविल लाइन स्थित दूरदर्शन के लो पॉवर ट्रांसमीटर एलपीटी सेंटर में एफएम का ट्रांसमीटर लगाकर एफएम की सुविधा प्रदान किए जाने के आदेश जारी किए। रेडियो श्रोता संघ ने सांसद व्ही डी शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**नगर निगम में शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई, जय प्रकाश वार्ड का मामला**

## गंदे पानी की सप्लाई से लोगों को बीमार होने का खतरा

**कटनी, यशभारत।** ठंड के मौसम में भी शहर के लोगों को साफ पानी नसीब नहीं हो रहा है। इस साल अच्छी बरसात के बाद कटनी नदी का कटाएघाट स्थित बैराज पानी से लबालब हो गया था, जिसके बाद नगर निगम द्वारा सप्ताह में तीन दिन की बजाए सभी दिन पेयजल आपूर्ति शुरू की गई थी, इसके बाद भी कई क्षेत्रों में गंदे पानी की सप्लाई की शिकायतें सामने आ रही है, जिससे लोगों को बीमार होने का खतरा मंडरा रहा है। बताया जाता है कि नई बस्ती, जय प्रकाश वार्ड के अंतर्गत सोंधिया गली में पिछले करीब डेढ़ महीने से सुबह 07:30 बजे नलों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सुबह जैसे ही नल खोलते हैं, तो गंदा पानी आना शुरू हो जाता है। पानी में बदबू के साथ ही रेत भी आ रही है। नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों को शिकायत किए जाने के बाद भी स्वच्छ पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है। नगर निगम के जल प्रदाय विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से लोगों को बीमार होने का अंदेशा है। लोगों ने यह भी बताया कि नगर निगम द्वारा सुबह होने वाली पेयजल आपूर्ति के बाद बोरिंग के पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन उसमे भी रेत आ रही है और जब तक साफ पानी आता है, तब सप्लाई बंद हो जाती है। क्षेत्र के नागरिकों ने महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे का ध्यान इस ओर दिलाते हुए पेयजल आपूर्ति में सुधार की मांग की है।

# विजयराघवगढ़ में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

### श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास नरेन्द्र रामदास ने की प्रवचनों की अमृतवर्षा

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** श्री राम हर्षण कुज मन्दिर प्रांगण में विगत 24 दिसम्बर से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान आनन्द कन्द श्री कृष्ण के जन्मोत्सव दिवस पर कथा व्यास नरेन्द्र रामदास ने अपने श्रीमुख से गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, राम जन्म , कंस वध, श्री कृष्ण जन्म की भावपूर्ण कथा श्रवण से उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। श्री कृष्ण के प्राकट्य अवसर पर नन्द घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की..के जयघोष से समूचा पंडाल गुंजायमान हो गया। आकर्षित झांकी के दर्शन प्राप्त करने भक्त आतुर हो रहे थे। माताओं, बहनों द्वारा गीत गाकर जन्मोत्सव मनाया गया। आचार्यों द्वारा भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी की स्तुति उपरांत भगवान की पंचोपचार पूजन अर्चन महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ए के मिश्रा, एस के पाडे, कृष्ण दास पांडे, अनुज कृष्ण शास्त्री, केशव पांडेय, श्रीमति माधुरी मिश्रा, श्रीमति वसुधा मिश्रा, श्रीमति सरस्वती मिश्रा, श्रीमति रीता त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, आर पी तिवारी, श्री निवास पांडेय, राकेश उरमलिया, प्रवेश मिश्रा, कृष्णदास पांडेय, जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, अजीत पांडेय, अम्बुज त्रिपाठी, बलराम त्रिपाठी, सुरेन्द्र त्रिपाठी, श्याम दास, पुजारी राकेश पांडे, बलराम दास गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता की उपस्थिति रही।

**पूर्व जनपद अध्यक्ष के निधन पर जताया शोक**

**कटनी, यशभारत।** पिपरियाकला में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष बड़वारा शीतल पटेल के निधन पर उनके निवास में परिवारिक जनों की उपस्थिति में अखिल भारतीय कुर्मी महासभा द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें डॉ. आर पी पटेल जिलाध्यक्ष, ऋषि राम पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ भाजपा विजय दादूपटेल पूर्व जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, सुभाष पटेल पूर्व जिला महामंत्री भाजपा, दादूराम पटेल संगठन मंत्री, रवींद्र पटेल ग्रामीण जिलाध्यक्ष बाबूराम पटेल शिक्षक एवं समस्त स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही।

# सुपर ओवर में रीवा को हराकर सिहोरा क्वार्टरफाइनल में

### उमरियापान में संतोष ट्रॉफी लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, सिहोरा के सनोज बने मैन ऑफ द मैच

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान के अंधेलीबाग मैदान में खेल विकास समिति के अध्यक्ष स्व मुरारीलाल चौरसिया की स्मृति में संतोष ट्रॉफी लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का कल बुधवार को चौथा लीग मैच खेला गया। जिसमें सम्राट सिहोरा ने व्हीसीए रीवा को सुपर ओवर में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। निर्धारित 20-20 ओवर के मैच में रीवा ने टॉस जीतकर सिहोरा को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। सिहोरा टीम की शुरूआत अच्छी रही। पहला विकेट 28 रन पर गिरा तो दूसरा विकेट 53 रन के स्कोर पर गिरा था। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी हुई और और तीसरा विकेट 106 रन पर गिरा था लेकिन इसके बाद 7 बल्लेबाज मात्र 37 रन पर आउट हो गए और पूरी टीम 143 रन पर ढेर हो गई, जिसमें सबसे अधिक रमन ने 21 बाल में 6 चौके 1 छक्के की मदद से 39 रन बनाए तो वहीं सनोज ने 15 बाल में 6 चौके 1 छक्के की मदद से 30 रन बनाए, जबकि शुभम ने 22 रन का अपनी टीम को योगदान दिया। रीवा के गेंदबाज ऋषभ और प्रितेश ने 3-3 विकेट लेकर सिहोरा के बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी तो वहीं सोमदीप ने भी 2 विकेट झटकर बची कुची कसर निकाल दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा टीम की भी शुरूआत अच्छी रही। पहला विकेट 40 रन पर गिरा तो दूसरा विकेट 68 रन के स्कोर पर गिरा था। इसके बाद टीम के बल्लेबाज अपने विकेट अंतराल में खोते चले गए और 8वां विकेट 134 रन पर गिरा। अंतिम ओवर में जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी। पांच गेंदों में मात्र 3 रन ही बने थे और साथी बल्लेबाज ने अंतिम गेंद में छक्का जड़कर मैच को टाई कर दिया। इस दौरान दर्शकों ने भी दोनों बल्लेबाजों का जमकर उत्साहवर्धन किया और मैच का जमकर आनंद लिया। सुपर ओवर में रीवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 5 रन बनाए। जवाबी पारी में सिहोरा ने 9 रन बनाकर मैच जीत लिया। रीवा के बल्लेबाज सोमदीप ने 22 बाल में 11 चौके 1 छक्के की मदद से 54 रन बनाए तो वहीं स्वपनिल ने 20 रन का योगदान दिया। सिहोरा के गेंदबाज पवन ने 3 विकेट लिए तो वहीं रजनीश ने भी 2 विकेट लिए। मैन ऑफद मैच सिहोरा टीम के सनोज को चुना गया जिन्हें समिति द्वारा पुरस्कार दिया गया। इस मैच का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। इस दौरान खेल विकास समिति के पदाधिकारी, सदस्यों एवं खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

# कल से होगी जागृति हाट इवेंट की शुरूआत

**युवाओं में खासा उत्साह, जागृति पार्क में पारिवारिक माहौल में मनेगा न्यू ईयर सेलीब्रेशन**

**कटनी, यशभारत।** बीत रहे साल 2022 को बिदाई देने और नए साल 2023 का जोरदार अभिनंदन करने के लिए शहर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। न्यू ईयर सेलीब्रेशन को लेकर युवा वर्ग में खासा उत्साह देखा जाता है। युवाओं को इस दिन का पूरे साल इंतजार रहता है। 31 दिसंबर की शाम से न्यू ईयर सेलीब्रेशन की तैयारियां शुरू हो जाएंगी और होटलों, रेस्टारेंटों के साथ ही अन्य स्थानों पर पार्टियों का दौर शुरू हो जाएगा। इसी कड़ी में जागृति पार्क माधवनगर में इस वर्ष जाग्रति हाट का आयोजन किया जा रहा है। यहां हर वर्ग के लोग पारिवारिक माहौल में न्यू ईयर सेलीब्रेट कर सकेंगे। जागृति हाट की शुरूआत कल 30 दिसंबर से होगी। तीन दिवसीय आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जाग्रति हाट में शहर के युवा अपने टैलेंट का जलवा दिखाएंगे, जिसमे डांस, ओपन माइक, फोटोग्राफी एंड सिनेमाटोग्राफी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और आर्ट एंड क्राफ्ट कॉम्पटीशन शामिल है, इसके अलावा शहर के लोगों के लिए जाग्रति जायका, जाग्रति बाजार, जाग्रति मेला और जाग्रति सेल्फी जोन का भी इंतजाम किया जा रहा है। 1 जनवरी को मोहसिक के लाइव म्यूजिक परफॉरमेंस भी होगी। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से जाग्रति पार्क में होगा। जाग्रति हाट इवेंट का संयोजन सृष्टि निगम एवं इवेंट पार्टनर मेहुल मित्तल द्वारा किया जा रहा है।

# मरीजों की नेत्र जांच, चश्मा एवं दवाईयों का वितरण

### कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी एवं गीता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** मां सरस्वती के पूजन उपरांत रविवार 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी तथा गीता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में छपरवाह स्थित पार्क में विशाल नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच की गई एवं उनमे से कई मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने हेतु डॉक्टर द्वारा सलाह दी गई। यह ऑपरेशन जीजी नर्सिंग अस्पताल प्रबंधन डॉक्टर शैफाली गुप्ता द्वारा निःशुल्क किया गया। जिसमें निःशुल्क चश्मा एवं दवाइयां वितरित की गई। बहुत जल्द शहर के अन्य स्थानों पर भी उक्त शिविर का आयोजन कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी एवं गीता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करवाया जाएगा। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष लोकेश टीनू सचदेवा, महिला विंग अध्यक्ष श्रेहा खंडेलवाल, सचिव अखिलेश पुरवार, अंकित बिलैया, कोषाध्यक्ष अमित तीर्थानी, संगठन प्रभारी मंजू शर्मा, व्यवस्था प्रभारी मोनिका, अरविंद दुबे, सूचना प्रभारी अंकित बिलैया, निखिल केशरवानी, नगर अध्यक्ष गौरव नागवानी, मीडिया प्रभारी शैलेश पाठक, पशु प्रभारी मनीष साहू, आशुतोष मिश्रा, शिवा चतुर्वेदी शामिल, वार्ड पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी का विशेष सहयोग रहा।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)
क/निविदा/2022/14647 कटनी दिनांक :23/12/2022

**तृतीय निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 मे मोबलिटी सपोर्ट कार्यो हेतु स्थानीय स्तर पर खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। अतः इच्छुक निविदाकार निविदा की शर्तें एवं प्रपत्र ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर प्रकाशन दिनांक 29.12.2022 के पश्चात देखी जा सकती है।

G-20936/22

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कटनी (म.प्र.)

# कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी, म.प्र.

क्रमांक/4653/लो.नि.वि./निर्माण/2022 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक : 26/12/2022

नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदायें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदायें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल के रोड एण्ड ब्रिज/भवन आई.एस.एस.आर. 2021 के आधार पर प्रतिशति दर पर दी जावे। समस्त शर्तें व कार्यों की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्यदिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में एवं पोर्टल https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी को होगा।

| क्रं. | कार्य का स्थल | प्राक्कलन राशि (रुपये लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) | समय अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में | निविदा आनत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बालगंगाधर तिलक वार्ड में पुरैनी ट्रांसपोर्ट नगर में मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ी रखने हेतु हाल निर्माण कार्य | 11.39 | 8543/- | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 2 | बालगंगाधर तिलक वार्ड में सरला नगर में पार्क में बाउण्ड्रीवाल निर्माण | 13.15 | 9863/- | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 3 | इंदिरा गांधी वार्ड में शा. पुरवार स्कूल पहुंच मार्ग में डब्ल्यू.बी.एम. रोड निर्माण कार्य | 20.31 | 14623/- | 60 दिवस | 5000/- | प्रथम |
| 4 | विवेकानंद चौक से एम्बुलेंस रोड एवं लखेरा रोड पर डामरीकरण कार्य | 34.32 | 25740/- | 60 दिवस | 5000/- | प्रथम |
| 5 | बाबा नारायणशाह वार्ड में विभिन्न स्थानों पर डामरीकरण कार्य | 111.85 | 55925/- | 90 दिवस | 15000/- | प्रथम |
| 6 | हेमू कालणी वार्ड में बंगला लाइन में मेन रोड में डामरीकरण | 151.74 | 75870/- | 90 दिवस | 15000/- | प्रथम |
| 7 | बाबा नारायणशाह वार्ड में राजू नानकानी एवं सावनशाह महाराज जी के गुरुद्वारा के पास सी.सी. सडक निर्माण कार्य | 11.29 | 8468/- | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 8 | पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 में वर्मा स्टेशनरी से तिलक कॉलेज मोड तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 25.91 | 19433/- | 60 दिवस | 5000/- | प्रथम |
| 9 | रघुनाथगंज वार्ड में सुभाष चौक मुख्यमार्ग के किनारे पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य | 11.87 | 9025/- | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 10 | रघुनाथगंज वार्ड में विभिन्न स्थानों पर डामरीकरण कार्य | 11.80 | 8850/- | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 11 | आचार्य विनोबाभावे वार्ड क्रमांक 15 में राहुलबाग में गुप्ता के मकान से बीकानेर मिष्ठान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 14.14 | 10605/- | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 12 | जयप्रकाश वार्ड में सोनी ज्वेलर्स से दुर्गा मंदिर तक एवं आदर्श कालोनी में हनुमान मंदिर के पास सड़क के दोनों तरफ पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य | 13.55 | 10162/- | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 13 | जयप्रकाश वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाली मरम्मत एवं नाली कवरिंग | 12.22 | 9165/- | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |

नोट :- शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा, जो अनुबंधका एक अंश होंगे निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रो मे नहीं। (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 29/12/2022 को सायंकाल 5:30 से। (2) निविदा प्रपत्र बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30/01/2023 को सायंकाल 5:30 बजे तक। (3) बिड़ खोलने की तिथि 31/01/2023 को दोप. 03:00 बजे से।

कार्यपालन यंत्री, वास्ते-आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

From 16th December 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Millal MALL
paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## सावधानी है जरूरी

पड़ोसी देश चीन से कोविड संक्रमण के कारण बने हालात की जो भयावह तस्वीरें आ रही हैं, उनके मद्देनजर अपनी तैयारियों का जायजा लेना जरूरी समझा गया। इसी के तहत देश भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार को मॉक ड्रिल के जरिए यह देखा गया कि हमारा स्वास्थ्य तंत्र कोरोना की संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए किस हद तक तैयार है। पिछली बार के भयावह मंजर को देखते हुए राज्य सरकारें भी एक्शन मोड में हैं। कर्नाटक पहला राज्य है जहां सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना फिर से अनिवार्य कर दिया गया है। विशेषज्ञों के पैनल ने सरकार से कहा है कि स्वास्थ्यकर्मियों के लिए वैक्सीन की चौथी डोज की व्यवस्था की जानी चाहिए। वैक्सीन की उपलब्धता और नई दवाओं के परीक्षण की स्थितियों पर भी नए सिरे से नजर डाली जा रही है। इन सबके बीच यह स्पष्ट करते चलना भी जरूरी है कि कम से कम अपने देश में हालात फिलहाल चिंताजनक बिलकुल नहीं हैं। नए केसों की संख्या में पिछले सप्ताह के मुकाबले इस सप्ताह 11 फीसदी की बढ़ोतरी जरूर रेकॉर्ड की गई है, लेकिन फिर भी यह संख्या सबसे निचले स्तर के आसपास ही है। एक्सपर्ट्स यह भी दोहरा रहे हैं कि अपने देश में टीकाकरण मुहिम के व्यापक दायरे और नैचरल इम्यूनिटी की बेहतर स्थिति के कारण हालात बिगड़ने का डर वैसे भी कम है। अगर किसी वजह से संक्रमण तेज होता है तो भी अस्पताल में भर्ती होने की नौबत कम ही लोगों को आएगी। लेकिन चीन में भी कोरोना के मामले एक समय में पूरी तरह नियंत्रित दिख ही रहे थे। जापान, अमेरिका और साउथ कोरिया जैसे देशों में भी हालात काफी बेहतर होने के बाद बिगड़े हैं। कोरोना वायरस ने अपनी जो विशेषता बार-बार दिखाई है वह यह कि उसका कुछ भरोसा नहीं। वह कब किस रूप में और किन लक्षणों के साथ लौट आए, नहीं कहा जा सकता। और, एक बार इसने पैर पसार लिए तो सारी भविष्यवाणियों को बेकार कर सकता है। लेकिन अपने देश में आम लोगों की बात करें तो सब जैसे कोरोना को अतीत की चीज मान चुके हैं। बाजारों में भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी शायद ही कोई मास्क लगाए नजर आता है, दूरी बनाए रखने की भी किसी को नहीं सूझती। स्वास्थ्य तंत्र भी रोजमर्रा की सामान्य चुनौतियों से निपटने में ही अपनी सार्थकता मान चुका है। ऐसे में क्रिसमस के बाद अब नए साल के जश्न का मौका आ रहा है। देशवासियों का फिलहाल जो मूड दिख रहा है, उसमें न्यू ईयर पार्टी करते हुए शायद ही कोई कोरोना के बारे में सोचे या किसी तरह की सावधानी बरतना जरूरी समझे। इसलिए भी सरकारी तंत्र को एक बार झकझोरना जरूरी है ताकि वह चेत जाए और लोगों को भी चेताए कि न तो घबराने की जरूरत है और न ही अपनी दिनचर्या में कोई बदलाव लाने की। लेकिन जरूरत है सावधानी बनाए रखने की क्योंकि कोरोना गया नहीं है।

# मुफ्त अनाज का चुनावी तोहफा

आखिरकार केंद्र सरकार ने चुनावी घोषणा पत्रों में निःशुल्क उपहार देने का पुरजोर विरोध करते करते गरीबों को पूरी तरह निशुल्क अनाज देने की घोषणा करके ऐसा चुनावी दांव चल दिया,जिसकी काट विपक्ष के पास नहीं है।सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि एक साल,यानी दिसंबर 2023 तक बढ़ाकर पेट की भूख से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। यह योजना दिसंबर 2022 को समाप्त हो रही थी।हालांकि फिलहाल चल रही इस योजना में सस्ती दरों पर अनाज राशन की दुकानों पर उपलब्ध कराया जाता था।इसमें चावल तीन रुपए किलो,गेहूं दो रुपए और मोटा अनाज एक रुपए किलो दिया जा रहा था।लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अब जो फैसला लिया है उसके तहत उपभोक्ता से राशन दुकान पर अनाज का कोई मूल्य नहीं लिया जाएगा।यह अनाज पूरी तरह मुफ्त होगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अभी तक गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे सामान्य परिवारों को प्रतिव्यक्ति पांच किलो अनाज हर महीने निशुल्क दिया जाता है। जबकि अंत्योदय वर्ग के उपभोक्ताओं को अनाज की यह मात्रा सात किलो प्रति व्यक्ति होती है।मसलन प्रत्येक सामान्य परिवार को 25 किलो और अंत्योदय परिवार को 35 किलो अनाज हर महीने दिया जा रहा है।कुल मिलाकर 81.35 करोड़ लोगों को रियायती दरों पर अनाज दिया जा रहा है।इस सुविधा पर दो लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे।इस लक्ष्य की आपूर्ति के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम में भी संशोधन करना होगा।यह ऐतिहासिक फैसला सत्तापक्ष यानी भारतीय जनता पार्टी के लिए इसलिए अहम है, क्योंकि 2023 में नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं।जिनमें पूर्वोत्तर के मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान,छत्तीसगढ़ ,कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्य भी शामिल हैं।इसके बाद 2024 मई जून में लोकसभा के चुनाव भी होना है।यानी भाजपा इन राज्यों में विजयश्री हासिल कर लेती है तो इस मुफ्त योजना को 2024 के लिए भी बढ़ाया जाना तय है।

कोरोना महामारी के दौरान जब काम-धंधे पूरी तरह बंद हो गए थे, तब रोज कुआं खोदकर प्यास बुझाने वाले लोगों के लिए भोजन का संकट गहरा गया था। अतएव भारत सरकार ने गरीबों को राहत पहुंचाने की दृष्टि से पूर्व से मिल रहे सस्ते अनाज के अतिरिक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज देने की व्यवस्था तीन महीने के लिए शुरू की थी। उम्मीद थी कि तीन माह बाद कोरोना का प्रकोप खत्म हो जाएगा। लेकिन इसका सुरसा-मुख लंबे समय तक खुला रहा। इसलिए इस अवधि को क्रमशः बढ़ाया जाता रहा। यह अवधि 31 दिसंबर को खत्म हो रही थी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने और अनिश्चित आय वालों के लिए यह अन्न योजना संजीवनी का काम करेगी।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून पूरे देश में लागू है।गरीबों अथवा भूखों को मिले इस सस्ते अनाज के अधिकार को इस कानून का उज्जवल पक्ष माना जाता है। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में देश के लोग भूखे हैं, तो यह चिंता का विषय है कि आजादी के अमृत महोत्सव में भी यह भूख क्यों बनी हुई है। अतएव संदेह होना लाजिमी है कि नीतियां कुछ ऐसी जरूर हैं, जो बड़ी संख्या में लोगों को रोटी के हक से वंचित बनाए रखने का काम कर रही हैं। पूंजी और संसाधनों पर अधिकार आबादी के चंद लोगों की मुट्ठी में सिमटता जा रहा है। इस लिहाज से भूख की समस्या का यह हल सम्मानजनक व स्थाई नहीं है। इस परिप्रेक्ष्य में अब देश के नीति-नियंताओं की कोशिशें हानी चाहिएं कि लोग श्रम से आजीविका कमाने के उपायों से खुद जुड़ें और आगे भूख सूचकांक का जब भी नया सर्वेक्षण आए तो उसमें भूखों की संख्या घटती दिखे ? खाद्य सुरक्षा के तहत करीब 67 फीसदी आबादी मसलन करीब 80 करोड़ लोगों को रियायती दर पर अनाज दिया जा रहा है। इसके दायरे में शहरों में रहने वाले 50 प्रतिशत और गांवों में रहने वाले 75 फीसदी लोग हैं। इस कल्याणकारी योजना पर अब तक 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का खर्च सब्सिडी के रूप में दिया जाता है,जो अब बढ़कर दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। लोगों तक इस अनाज को पहुंचाने के लिए पीडीएस की 1,61,854 दुकानों पर इपीओएस मशीनें लगाई गई हैं, जिससे अनाज की तौल सही हो। सही लोगों को इसका लाभ मिले, इसके लिए राशन कार्डों को आधार नंबर से भी जोड़ा गया है। बावजूद पूरे देश में यह वितरण प्रणाली संदिग्ध बनी हुई है। निशुल्क अनाज योजना के अंतर्गत एक हजार लाख टन से अधिक अनाज प्रतिमाह बांटा जा रहा है। अब तक इस योजना पर करीब चार लाख करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इसलिए पूंजीवाद के समर्थक अर्थशास्त्री और उद्योगपति इस अनाज को मुफ्त बांटने का विरोध कर रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन की भी यही मंशा है। हालांकि भारत सरकार केवल गरीबों को अनाज में सब्सिडी देती हो, ऐसा नहीं है। उद्योगपतियों के भी हजारों करोड़ के कर हर साल माफ कर दिए जाते हैं। सरकारी कर्मचारियों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के न केवल वेतन बढ़ा दिए जाते हैं, बल्कि सुविधाएं भी बढ़ा दी जाती हैं। इसलिए वंचितों को राहत देना आवश्यक है। इसी अन्न योजना की अवधि बढ़ाने के साथ करीब 25 लाख रक्षा सेनानियों को पेंशन का लाभ दिया गया है। इस योजना के अमल में सरकार को सबसे बड़ी चुनौती अनाज की खरीद और उसके उचित भण्डारण की रहती है। अनाज ज्यादा खरीदा जाएगा तो उसके भण्डारण की अतिरिक्त व्यवस्था को अंजाम देना होता है, जो नहीं हो पा रही है। उचित व्यवस्था की कमी के चलते गोदामों में लाखों टन अनाज हर साल खराब हो जाता है। यह अनाज इतनी बड़ी मात्रा में होता है कि एक साल तक 2 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन कराया जा सकता है। अनाज की यह बर्बादी भण्डारों की कमी की बजाय अनाज भण्डारण में बरती जा रहीं लापरवाहियों के चलते कहीं ज्यादा होती है। देश में किसानों की मेहनत और जैविक व पारंपारिक खेती को बढ़ावा देने के उपायों के चलते कृषि पैदावार लगातार बढ़ रही है। अब तक हरियाणा और पंजाब ही गेहूं उत्पादन में अग्रणी प्रदेश माने जाते थे, लेकिन अब मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश और राजस्थान में भी गेहूं की रिकार्ड पैदावार हो रही है। इसमें धान, गेहूं, मक्का, ज्वार, दालें और मोटे अनाज व तिलहन शामिल हैं। 2021-22 में 29 करोड़ टन से भी ज्यादा अनाज की पैदावार हुई है। जिससे बढ़ती आबादी के अपुपात में खाद्यान्न मांग की आपूर्ति की जा सके।साठ के दशक में हरित क्रांति की शुरूआत के साथ ही अनाज भण्डारण की समस्या सुरसा मुख बनी हुई है। एक स्थान पर बड़ी मात्रा में भंडारण और फिर उसका संरक्षण अपने आप में एक चुनौती भरा और बड़ी धनराशि से हासिल होने वाले लक्ष्य हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आनाज की पूरे देश में एक साथ खरीद, भंडारण और फिर राज्यवार मांग के अनुसार वितरण का दायित्व भारतीय खाध निगम के पास है। जबकि भंडारो के निर्माण का काम केंद्रीय भण्डार निगम संभालता है। इसी तर्ज पर राज्य सरकारों के भी भण्डार निगम के पास हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आजादी के 75 साल बाद भी बढ़ते उत्पादन के अनुपात मे केंद्र और राज्य दोनों ही स्तर पर अनाज भण्डार के मुकम्मल प्रबंध नहीं हो पाए हैं।

**-प्रमोद भार्गव**

# जीवन पर संकट बनता जीवनदायी जल

कभी कानपुर के चमड़ा कारखाने वहां की शान हुआ करते थे, आज यही यहां के जीवन के लिए चुनौती बने हुए हैं। एक तरफ नमामि गंगे के दमकते इश्तिहार हैं तो सामने रानिया, कानपुर देहात और राखी मंडी, कानपुर नगर आदि में गंगा में अपशिष्ट के तौर पर मिलने वाले क्रोमियम की दहशत है। वह तो भला हो एनजीटी का जो क्रोमियम कचरे के निपटान के लिए सरकार को कसे हुए है। यह सरकारी अनुमान है कि इन इलाकों में गंगा किनारे सन् 1976 से अभी तक करीब 1,22,800 घन मीटर क्रोमियम कचरा एकत्र है। विदित हो क्रोमियम ग्यारह सौ सेंटीग्रेड तापमान से अधिक पर पिघलने वाली धातु है और इसका इस्तेमाल चमड़ा, इस्पात, लकड़ी और पेंट के कारखानों में होता है। यह कचरा पांच दशक से यहां के भूजल और जमीन को जहरीला बनाता रहा और सरकारें कभी जुर्माना तो कभी नोटिस देकर औपचारिकताएं पूरी करती रहीं। हालात यह हैं कि उत्तराखंड से तारणहारा के रूप में निकलती गंगा कानपुर आते-आते कराहने लगती है, सरकारी मशीनरी इसमें गंदगी रोकने के संयंत्र लगाने पर खर्चा करती है जबकि असल में इसके किनारों पर कम कचरा डालने की बात होनी चाहिए।

सन् 2021 का एक शोध बताता है कि कानपुर में परमट से आगे गंगाजल अधिक जहरीला है। इसमें न सिर्फ क्रोमियम की मात्रा 200 गुना से अधिक है, बल्कि पीएच भी काफी ज्यादा है। यह जल सिर्फ मानव शरीर को नहीं बल्कि जानवरों और फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। यह खुलासा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के बायोसाइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से हुई जांच में हुआ है। विभाग के छात्र और शिक्षकों ने नौ घाटों पर जाकर गंगाजल का सैंपल लिया। इनकी जांच कर टीम ने रिपोर्ट तैयार की है जो काफी चौंकाने वाली निकली है। कन्नौज के आगे गंगाजल की स्थिति बहुत अधिक भयावह नहीं है मगर परमट घाट के आगे अचानक प्रदूषण और केमिकल की स्थिति बढ़ती जा रही है।

मार्च, 2022 में कानपुर के मंडल आयुक्त द्वारा गठित एक सरकारी समिति ने स्वीकार किया कि परमिया नाले से रोजाना 30 से 40 लाख लीटर, परमट नाले से 20 लाख और रानीघाट नाले से 10 लाख लीटर प्रदूषित कचरा प्रतिदिन सीधे गंगा में जा रहा है। कानपुर में गंगा किनारे कुल 18 नाले हैं जिनमें से 13 को काफी पहले टैप किए जाने का दावा किया गया है। हकीकत यह है कि ये नाले ओवरफ्लो होकर गंगा को गंदगी से भर रहे हैं।

क्रोमियम की सीमा से अधिक मात्रा जाजमऊ और वाजिदपुर में भयावह हालात पैदा किये है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक पानी में क्रोमियम की मात्रा 0.05 होनी चाहिए। कन्नौज से गंगा बैराज तक स्थिति लगभग सामान्य है मगर जाजमऊ और वाजिदपुर में अचानक क्रोमियम की मात्रा खतरनाक होती जा रही है। 85 गांवों के करीब पांच लाख लोगों की जिंदगी में जहर घोल दिया है। किसी परिवार में गोद सूनी है तो किसी गर्भ से उपजा नवजात मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग है। इसके अतिरिक्त भूजल में क्रोमियम की मौजूदगी ने सैकड़ों लोगों को कैंसर की सौगात बांटी है। क्रोमियम युक्त पानी ने धरती को भी बंजर किया है। इलाके में पैदावार घट गई है और फसल भी पकने से पहले मुरझाने लगती है।

जाजमऊ इलाके के शेखपुर, वाजिदपुर, प्योंदी, जाना, अलौलापुर जैसे तमाम गांव है, जहां किसी महिला के गर्भ ठहरने पर ,खुशी से अधिक तनाव होता है।

**पंकज चतुर्वेदी**

## आपका राशिफल 30 दिसम्बर

**मेष** चू चे चो ला ली लू ले लो आ

सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष** इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** का की कू घ ङ छ के को हा

विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** डी डू डे हो डा डी डू डे डो

पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह** मा मी मू मे मो टा टी टू टे

दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

**तुला** रा री रु रे रो ता ती तू ते

संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** तो ना नी नू ने नो या यी यू

कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-4-6

**धनु** ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-6

**मकर** भे जा जी खी जू खे खो गा गी

शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** गू गे गो सा शी सू से सो दा

विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐं। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-3-5-7

**मीन** दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ्ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-2-5-6

## फिल्म वर्ग पहेली - 6031



ऊपर से नीचे:-

१. मेघना गुलजार की फिल्म 'फिलहाल' के संगीत निर्देशक-२,३
२. फिल्म 'साया' की नायिका कौन है-२
४. फिल्म 'रुस्तम' की निर्माता एवं नायिका कौन हैं-३
५. 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली सन्नी, अमृता सिंह की फिल्म-३
६. धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की 'छुपा लो यूँ दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली फिल्म-२
१४. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-२,२
१५. विकास भाखा, का काजोल की 'हुड हुना रे हुड' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'ओ नाम रे सबसे' गीत वाली अमिताभ, शर्मिला, रेखा की फिल्म-३
१८. अशोक कुमार, मीना की 'दिल जो ना कह सका' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'क्या हुआ अरे' गीत वाली संजीव कुमार, पर्वतिल, शबाना की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, सायरा बानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरे हेरा गाँव बड़ा' गीत वाली फिल्म-४
२५. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'प्यार कर इकरार' गीत वाली फिल्म-४
२७. फिल्म 'लताश' में अक्षय के साथ नायिका कौन है-३
२८. 'आँखों में मिलके जिया भरमाके' गीत वाली स्वर्णलता की एक हिट फिल्म-३
३०. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२

बायें से दायें:-

१. 'तुम बिन जीवन कैसे' गीतवाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
३. मनोदेओल, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा' गीत वाली फिल्म-२
५. अमिताभ, मौसमी की 'याद ओ याद' गीत वाली फिल्म-३
७. फिल्म 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
९. मनोदेओल, जयप्रदा की 'चूड़े वाली छमिया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'हम तो तेरे में बंधू' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
११. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-३
१३. फिल्म 'अनमोल मोती' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-३
१७. अमिताभ बच्चन, ऋषिकपूर, रवीना, वहीदा, नसीम की 'प्यार कर लिया तो क्या' गीत वाली फिल्म-२,२
१९. 'खुश रखो हर खुशी है' गीत वाली जीतेंद्र, राजश्री की फिल्म-५
२०. राजेंद्रकुमार, मालासिन्हा को 'बाँसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे बिछड़े साथी' गीत वाली सुनीलदत्त, आशापरेख की फिल्म-३
२२. राजेश, सुलक्षणा की 'इन आँखों की आशिक' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'जब जब बहार आई' गीत वाली भारत भूषण, शालिनी की फिल्म-४
२९. सनी देओल, अनिल कपूर, किमी काटकर की 'गली में मेरा यार गुजरा' गीत वाली फिल्म-४
३१. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषि कपूर के साथ नायिका कौन थी-२
३२. 'मेरे दिल में मच्ची है तबाही' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मैं तुझे सलाम' में अलबक्श की भूमिका किसने की है-४

## फिल्म वर्ग पहेली - 6030

# Viral Fever से कौसो दूर रखेगी तेज पत्ते और अदरक की चाय

तेज पत्ते का प्रयोग मसाले के तौर पर कई बार किया जाता है यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। यदि आप रोजाना सुबह काली पेट तेज पत्ते से बनी चाय का सेवन करते हैं तो इससे आप कई तरह की बीमारियों से दूर रहेंगे। इसके अलावा तेज पत्ते के साथ आप चाय में अदरक भी मिला सकते हैं इससे कई तरह की बीमारियों का जोखिम कम होगा। एक्सपर्ट्स के अनुसार, तेज पत्ते में एंटीऑक्सीडेंट्स, आयरन, विटामिन-ए, सी, एंटीऑक्सीडेंट्स, आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, कैल्शियम, मिनरल्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर अदरक में एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीवायरल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। दोनों चीजों के मिश्रण से बनी चाय का सेवन करने से शरीर को पोषण भी मिलता है और कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से भी आराम मिलता है। तो चलिए आपको बताते हैं इस चाय का सेवन करने के फायदे ...

### कंट्रोल रहेगी ब्लड शुगर

एक शोध के अनुसार, तेज पत्ते से बनी चाय का सेवन करने से इंसुलिन सेंसिटिविटी सुधरती है जिससे टाइप 2 डायबिटीज रोगियों के ब्लड शुगर कंट्रोल में रहती है।

### पेट संबंधी समस्याएं रहेगी दूर

यदि आपको कब्ज, पाचन या पेट संबंधी समस्याएं हैं तो अदरक और तेज पत्ते की चाय आपके लिए बहुत ही फायदेमंद होगी। यह चाय आपके पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करती है।

### वायरल इंफेक्शन भी रहेगा दूर

रोजाना नियमित तौर पर चाय का सेवन करने से इम्यूनिटी पावर मजबूत होती है। इसके अलावा आप मौसमी बीमारियों से भी बचे रहेंगे। सर्दी, जुकाम, बुखार या किसी भी तरह के मौसमी इंफेक्शन से यह चाय राहत दिलवाने में मदद करती है।

### ब्लड प्रेशर रहेगा कंट्रोल

तेज पत्ते में पाए जाने वाले पोषक तत्व कोलेस्ट्रॉल स्तर नियंत्रित करने में मदद करते हैं पोटेशियम, मैग्नीशियम, एंटीऑक्सीडेंट्स दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

वजन होगा कम

यह चाय आपका मेटाबॉल्जिम स्तर कंट्रोल करने में मदद करती है नियमित चाय पीने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और कैलोरी बर्न होती है। इसके अलावा यह वजन कम करने में भी मदद करती है।

### चाय बनाने का तरीका

. सबसे पहले आप एक पैन में एक कप पानी 3-4 तेज पत्ता, आधा इंच अदरक डालें।

. इस पानी को अच्छे से उबाल लें। इसमें आप दालचीनी पाउडर मिलाएं और अच्छे से मिलाएं।

. चाय को छानें और इसमें शहद मिलाएं। नियमित चाय पीने से आप एकदम स्वस्थ रहेंगे।

## सूडोकु नवताल- 6544

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6543 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

**विचार प्रवाह**

लाख बात की एक बातः क्रोध के समय थोड़ा रुक जाएं औश्र गलती होने पर थोड़ा झुक जाएं तो परिवार में बल्ले बल्ले हो जाए। सामने वालागुस्से मे है तो आप गुस्सा मत करिए, शांत रहिए। वह थोड़ी देर में स्वतः शांत हो जाएगा और हां अगर अपने से कोई गलती हो जाए तो सॉरी बोलने में देर मत कीजिए। सामने वाला तुमसे यही तो चाह रहा है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7583

**बाएँ से दाएँ**

1. ईश वंदना-3
3. हाथ की तीसरी अंगुली-4
5. आगमन-2
6. स्वादिष्ट-3
7. हरसिंगार, पारिजात-2
8. क्रिकेट में बनते हैं-2
10. खौलना, उबलना-5
12. धनवान-3
15. खोदना-3
17. चुनाव, चयन-5
20. नसीब (अंग्रेजी-2)
22. कलर-2
23. रक्षक, संकटमोचक-3
24. कार्य, काज-2
25. सुंघनी, नस-4
26. पुराना जुकाम-3

**ऊपर से नीचे**

1. रुपए का सोलहवां भाग-2
2. कुलबुलाना, तड़पना-5
3. जो कभी बूढ़ा न हो-3
4. बंदूक की गोली-4
5. अभिलेख, लेख-3
7. रात, रात्रि (उर्दू-2)
9. मादा का विलोम-2
11. धुन, लगाव-3
13. चरित्र, नीयत-3
14. तफरीह-5
15. अनाज रखने की जगह-4
16. टॉटी, नलका-2
18. बहुमूल्य रत्न-2
19. अनाथ, बेसहारा-3
21. डोली उठाने वाले-3
24. सफेद का विलोम -2

### शब्द पहेली -7582 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

# सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में सिहरन बरकरार

**भोपाल यशभारत।** वर्तमान में उत्तर भारत में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। हवा का रुख भी उत्तरी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में सिहरन बरकरार है। इसी क्रम में बुधवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। छतरपुर में दूसरे दिन भी शीतलहर रही।

**15 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंचा**

15 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी होने की संभावना है। जिसके चलते शनिवार से मध्य प्रदेश में रात के तापमान में तेजी गिरावट हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा। छतरपुर में शीतलहर का प्रभाव रहा। न्यूनतम तापमान शहडोल संभाग के जिलों में विशेष रूप से गिरे, रीवा संभाग के जिलों में काफी गिरे एवं शेष संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ।न्यूनतम तापमान जबलपुर संभाग में सामान्य से काफी अधिक, इंदौर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों में सामान्य से अधिक रहा। ग्वालियर एवं सागर संभाग के जिलों में सामान्य से कम एवं शेष संभागों के जिलों में सामान्य रहे।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास बना हुआ है। उसके प्रभाव से गुरुवार से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी, वर्षा होने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली के शनिवार को आगे बढ़ने के बाद हवाओं का रुख उत्तरी होगा। इससे मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो सकता है। उधर वर्तमान में उत्तरी मध्य प्रदेश पर एक प्रति चक्रवात के बनने से हवाओं का रुख पूर्वी मध्य प्रदेश में तो उत्तरी बना हुआ है, लेकिन पश्चिमी मध्य प्रदेश में दक्षिण-पूर्वी हो रहा है। इससे न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# नकल रोकने के लिए बदलेगी व्यवस्था

# उच्च शिक्षा मंत्री नए निर्देश

**भोपाल,यशभारत। कॉलेज में एग्जाम के दौरान नकल रोकने के लिए अब सख्ती की जाएगी। मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री ने एग्जाम को लेकर नए निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में होने वाली परीक्षाओं पर तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे की नजर रहेगी।**

परीक्षा में पारदर्शिता के लिए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने परीक्षा केंद्रों के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ परीक्षा कार्य में संलग्न शिक्षकों की ड्यूटी लगातार बदलने को कहा है। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संभाग, जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर स्थित महाविद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों की परीक्षा कार्य के लिए ड्यूटी एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में लगाई जाए।

एक वर्ष यदि किसी शिक्षक की ड्यूटी किसी महाविद्यालय में लगाई जाती है तो आगामी वर्ष उसी महाविद्यालय में उनकी ड्यूटी फिर न लगाई जाकर अन्य महाविद्यालय में लगाई जाना सुनिश्चित हो। अनुदान प्राप्त महाविद्यालय में स्थापित परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षक का कार्य शासकीय महाविद्यालय के शिक्षकों से ही कराया जाए। परीक्षा के कार्य में शिक्षकों की कमी होने पर शोधार्थियों से भी वीक्षकीय कार्य लिया जाए।

### नकल रोकेने के लिए सख्ती से हो पालन

मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित कार्यपालक अधिकारियों की ड्यूटी भी सुनिश्चित की जाए और जिला स्तर पर पर्याप्त संख्या में उड़नदस्तों का भी गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर नकल से संबंधित प्रकरणों पर कड़ाई से कार्रवाई की जाए।

## आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप मंत्रियों-अधिकारियों को बताएंगे शिवराज, दो जनवरी को बुलाई बैठक

**भोपाल,यशभारत।** नववर्ष के आगाज के साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने मंत्रियों और अधिकारियों को मिशन 2023 के तहत आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप मंत्रियों और अधिकारियों को सौंपेंगे। इसके लिए दो जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री आवास पर बैठक बुलाई गई है, जिसमें राजधानी में उपस्थित सभी कैबिनेट और राज्यमंत्री शामिल होंगे, जबकि राजधानी से बाहर के मंत्री, सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर, पुलिस महानिरीक्षक (रेंज), पुलिस आयुक्त और सभी पुलिस अधीक्षक वर्चुअल शामिल होंगे।मध्य प्रदेश में नवंबर 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं, सरकार इसकी तैयारी में जुट गई है। सरकार ने तय किया है कि नए साल का आगाज नए संकल्पों के साथ होना चाहिए, इसलिए धार्मिक यात्रा से मध्य प्रदेश लौटते ही मुख्यमंत्री मिशन 2023 की तैयारी में जुट जाएंगे। दो जनवरी की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में मंत्रियों एवं अधिकारियों को बताया जाएगा कि उन्हें किस तरह से काम करना है, किन बातों को प्राथमिकता में रखना है।

# माक ड्रिल में बंद मिले 34 आक्सीजन प्लांट

**भोपाल, यशभारत।** अभी तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दावा कर रहे थे कि सभी आक्सीजन जनरेशन प्लांट क्रियाशील हैं, लेकिन मंगलवार को प्रदेश भर में हुई माकड्रिल में सच्चाई सामने आ गई है। कोरोना से निपटने की तैयारियों को लेकर माकड्रिल में प्रदेश के 195 में से 34 प्लांट बंद मिले हैं। 32 प्लांटों में आक्सीजन की शुद्धता 90 प्रतिशत से कम मिली है। इसके अलावा कुछ अस्पतालों में आक्सीजन आपूर्ति का दबाव मापदंड के अनुरूप नहीं मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश भर में माकड्रिल की गई थी। अब यह रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जा रही है। बता दें कि ज्यादातर अस्पतालों में आक्सीजन जनरेशन प्लांट पीएम केयर फंड से लगाए गए हैं। संचालन के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था करने का काम राज्य सरकार का है। हर तीन महीने में माकड्रिल कर यह देखना है कि यह क्रियाशील हैं या नहीं, लेकिन कई जिलों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। जिलों में कोरोना मरीजों की संख्या कम होने के कारण अधिकारियों ने अनदेखी की। उधर, स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि माकड्रिल में छोटी-मोटी कमियां मिली हैं जिन्हें दुरुस्त कर लिया जाएगा।यह भी बता दें कि प्रदेश में 204 आक्सीजन जनरेशन प्लांट स्वीकृत हुए थे। इनमें 195 शुरू हुए थे। इनकी उत्पादन क्षमता 183 टन प्रतिदिन की थी, अगर सभी प्लांट चलें तो उत्पादन क्षमता बढ़कर अब 934 टन प्रतिदिन हो चुकी है। दूसरी लहर के दौरान एक दिन में सर्वाधिक 526 टन आक्सीजन की जरूरत पड़ी थी।

**32 में 90 प्रतिशत से कम मिली शुद्धता**

### पांच दिन से कोई नया मरीज नहीं मिला

कोरोना वायरस के नए सब वैरीएंट बीएफ-7 के संक्रमण की आशंका के बीच अच्छी खबर है कि प्रदेश में पिछले पांच दिनों से कोरोना का एक भी मरीज नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को 99 सैंपलों की जांच में कोई संक्रमित नहीं मिला। हर दिन 100 से 150 सैंपलों की जांच की जा रही है।

# मध्य प्रदेश के 19 नगरीय निकायों में मतदान 20 जनवरी को, क्षेत्र में आदर्श संहिता प्रभावशील

**भोपाल, ईएमएस। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 19 नगरीय निकायों का चुनाव कार्यक्रम बुधवार को घोषित कर दिया है। इसके साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। मतदान 20 जनवरी को सुबह सात से शाम पांच बजे तक ईवीएम से कराया जाएगा।**

इन निकायों का कार्यकाल इसी माह पूरा हो रहा है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर से चुनाव की सूचना का प्रकाशन किया जाएगा और नाम निर्देशन-पत्र लेने का क्रम शुरू होगा, जो छह जनवरी 2023 (दोपहर तीन बजे) तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जांच सात जनवरी को होगी और नौ जनवरी तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जाएगा। मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा 23 जनवरी को सुबह नौ बजे से की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इन नगरीय निकायों में 343 वार्ड और 720 मतदान केंद्र हैं। जिन पर पांच लाख सात हजार 308 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें से दो लाख 60 हजार 301 पुरुष, दो लाख 46 हजार 969 महिला और 38 अन्य मतदाता हैं।

### यहां होने हैं चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि गुना जिले की नगर पालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर, बड़वानी जिले की बड़वानी, सेंधवा और धार जिले की धार, मनावर एवं पीथमपुर में चुनाव होगा। अनूपपुर जिले की नगर परिषद जैतहरी, खंडवा जिले की ओंकारेश्वर, बड़वानी जिले की खेतिया, पानसेमल, पलसूद, राजपुर, अंजड़ और धार जिले की नगर परिषद धरमपुरी, धामनोद, कुक्षी, राजगढ़, सरदारपुर और डही में चुनाव कराएं जाएंगे।

## स्कूली बच्चों को वीडियो के जरिए सिखाई जा रहीं बातें काम की, परीक्षा का डर होगा छूमंतर

**भोपाल,ईएमएस।** परीक्षा में बेहतर करने का दबाव बच्चों के लिए झेलना असहनीय होता जा रहा है। कुछ विद्यार्थियों को यह तनाव इस तरह परेशान करता है कि वे प८1ई से दूरी बनाने लगते हैं। इस तरह के दबाव से बचाव के लिए विद्यार्थियों को एक सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। दुर्भाग्य से अधिकतर मामलों में ऐसा मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं होता। विद्यार्थियों के मनोविज्ञान से अंजान अभिभावक भी चाहकर कुछ खास मदद नहीं कर पाते लेकिन मप्र की आइएएस शीला दाहिमा ने इन विद्यार्थियों की मनोदशा को समझा और अपने काम के बीच समय निकालकर लाखों विद्यार्थियों के लिए कुछ ऐसा काम किया है, जिससे उन्हें परीक्षा के डर पर काबू पाने में मदद मिल सकती है।

शीला मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) में अतिरिक्त सचिव हैं। उन्होंने विशेषज्ञों के सुझाव और अपने निजी अनुभवों को मिलाकर एक सीरिज तैयार की है, जिसका नाम च्बातें काम कीज्है। यह वीडियो फार्मेट में है जो नौ भागों में तैयार किया गया है, जिसमें से दो भाग माशिमं की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। इन वीडियोज को विद्यार्थी व अभिभावक देखकर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। बता दें कि माशिमं की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में इस वर्ष करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

## तबादला कराने वाले शिक्षकों का नाम डीडीओ के रिकार्ड में नहीं

# नवंबर का वेतन भी अटका

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश के करीब 25 हजार शिक्षकों को नवंबर माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। दिसंबर का वेतन भी समय से मिल पाएगा या नहीं, अभी कहा नहीं जा सकता है। दरअसल, अक्टूबर में तबादला होने के बाद शिक्षकों ने नए स्थान पर ज्वाइन कर लिया है, पर संबंधित स्थान के आहरण संवितरण अधिकारी (डीडीओ) के रिकार्ड में उनका पद नहीं चढ़ाया है, जिस कारण वे उस स्कूल के शिक्षक नहीं माने जा रहे और पुराने स्कूल से वे रिलीव हो चुके हैं। इसलिए उन्हें वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है।दिसंबर के अंत तक नवंबर माह का वेतन न मिलने से शिक्षक परेशान हैं, क्योंकि वेतन न मिलने से मकान, वाहन लोन की किस्त अटक गई है। किस्त के लिए बैंक के कर्मचारी लगातार तकादा कर रहे हैं। अन्य खर्चों के लिए भी उनके पास पैसे नहीं हैं। वे लगातार जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) से वेतन दिलाने की मांग कर रहे हैं। डीईओ ने भी आयुक्त लोक शिक्षण को इस संबंध में सूचित किया है। जानकार बताते हैं कि लोक शिक्षण संचालनालय स्तर से ही यह निर्णय लिया जाना है पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शिक्षक या अन्य कर्मचारी का एक से दूसरे स्थान पर तबादला होता है, तो लोक शिक्षण संचालनालय को संबंधित स्कूल से शिक्षक का नाम काटकर उस स्कूल के रिकार्ड में जोड़ना होता है, जहां उसे भेजा गया है।

## भोपाल में खुला एनआइए का थाना, पूरे प्रदेश पर रखी जाएगी नजर

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में आतंकी गतिविधियों को रोकने के मकसद से राष्ट्रीय जांच एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने एक नई पहल की है। मध्य प्रदेश में राष?ट्रीय जांच एजेंसी ने अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। एजेंसी का भोपाल में जहांगीराबाद में थाना खोल दिया गया है। गृह विभाग ने मंगलवार को इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस थाने का संपूर्ण मध्य प्रदेश कार्यक्षेत्र रहेगा। थाने के लिए फिलहाल ओल्ड क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट बिल्डिंग दी गई है। स्थायी ठिकाना मिलने तक यह थाना यहीं काम करेगा।यहां यह गौरतलब है कि भोपाल में 13 मार्च 2022 को जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के कुछ आतंकी पकड़े गए थे।

## तीन वर्ष बाद शुरू हुई महापौर स्मार्ट पास की सुविधा

# 800 रुपये में महीने भर करें सफर

**भोपाल यशभारत।** राजधानी में तीन वर्ष बाद एक बार फिर महापौर स्मार्ट पास की सुविधा शुरु हो गई है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और महापौर मालती राय ने इसका शुभारंभ किया। स्मार्ट पास की सुविधा शुरु होने से यात्रियों को प्रतिमाह एक हजार से 1500 रुपये की बचत होगी। वहीं मूक-बधिर छात्रों के लिए निशुल्क पास उपलब्ध कराया जाएगा। भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड द्वारा महापौर स्मार्ट पास दो श्रेणियों में जारी किए जाएंगे। इसके तहत 800 रुपये का पास लेने वाले यात्री शहर में किसी भी मार्ग पर और बस में यात्रा कर सकेंगे। जबकि 600 रुपये का स्मार्ट पास बीसीएलएल के आपरेटर बनाएंगे। इसमें केवल उसी मार्ग की बस में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने बताया कि कोविड काल में लोक परिवहन व्यवस्था में समस्या आई थी, जिससे स्मार्ट पास की सुविधा बंद कर दी गई थी। अब नए सिरे से इसकी शुरुआत हो रही है। हालांकि कोविड से पूर्व 220 बसों का संचालन किया जा रहा था, जबकि वर्तमान में 360 बसें संचालित है। आने वाले समय में 29 बसें और बढ़ाकर 390 बसें करने का प्रयास किया जा रहा है।

# भोपाल के संत हिरदाराम नगर में होगा वंदे भारत का मेंटेनेंस

## बनेगा कोचिंग डिपो, इसी साल मिलेगी सुपर एक्सप्रेस

**भोपाल ,यशभारत।** वंदे भारत एक्सप्रेस का मेंटनेंस संत हिरदाराम नगर में होगा। इसके लिए भोपाल रेल मंडल ने तैयारी शुरू कर दी है। गाड़ी के मेंटेनेंस के लिए यहां पर कोचिंग डिपो का काम जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा। इस डिपो तक ओएचई लाइन सहित अन्य जरूरी कामों को पूरा करने के लिए जल्दी ही काम शुरू होगा। इसे इस तरह बनाया जाएगा, जिससे ट्रेन सीधे कोचिंग डिपो तक आ सकेगी। बता दें कि मप्र को इसी साल पहली वंदे भारत ट्रेन मिलेगी, जो भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर हाल्ट लेकर चलेगी।

प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल इसी साल मार्च में हो सकता है। मार्च 2023 में भोपाल रेल मंडल को वंदे भारत ट्रेन के दो रैक मिल सकते हैं। बीना से इटारसी के बीच 248 किमी के ट्रैक पर ट्रायल के दौरान वंदे भारत को 160 किमी प्रति घंटा की गति से दौड़ाया जाएगा। इसलिए भोपाल रेल मंडल तेज रफ्तार से ट्रायल की तैयारियों को पूरा करने में लगा है। ट्रायल से पूर्व बीना और इटारसी के बीच गंजबासौदा, विदिशा, भोपाल, होशंगाबाद, इटारसी और कुछ अन्य क्षेत्रों में सुरक्षा दीवार को बनाने का काम चल रहा है। भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद में सुरक्षा दीवार का काम काफी हद तक पूरा भी हो गया है, जबकि बीना, विदिशा और गंज बासौदा स्टेशनों के आसपास और रहवासी क्षेत्रों में अभी सुरक्षा दीवार का काम शुरू नहीं हो सका है।

### मवेशियों का ट्रैक पर आना रुकेगा

तेज रफ्तार ट्रेनों के सामने अक्सर रेलवे ट्रैक पर मवेशी आ जाते हैं, जिसके कारण मेल और एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों को रोकना पड़ता है। मवेशी आ जाने के कारण कई बार शताब्दी एक्सप्रेस को भी रोकना पड़ा है। कई बार मवेशी ट्रेन के सामने आकर जान गंवा बैठते हैं। मवेशियों के शव ट्रेन के नीचे फंस जाते हैं। इसके कारण ट्रेन अपने गंतव्य तक देरी से पहुंचती है। सुरक्षा दीवार या बाड़ बनाने से मवेशियों का ट्रैक पर आना रुकेगा।

# कोरोना वापसी की आशंका से सतर्कता बढ़ी

**मास्क और सैनिटाइजर की बिक्री फिर शुरू हुई**

**भोपाल, यशभारत।** चीन में कोरोना के बढ़ते मामले और भारत में इसकी दस्तक देने की खबर के बाद लोग सतर्क हो गए हैं। पिछले एक साल से मास्क और सैनिटाइजर की बिक्री लगभग बंद हो गई थी। अब इसकी बिक्री फिर से शुरू हो गई है। कुछ संस्थानों ने मास्क लगाने पर फिर जोर देना शुरू कर दिया है। इस कारण लोग मास्क भी खरीद रहे हैं। दवा की दुकानों पर इम्युनिटी बढ़ाने वाली दवाओं की मांग भी बढ़ी है।

कोरोना की पहली लहर के समय बाजार में मास्क मिलना मुश्किल था। व्यापारियों ने भी इसका फायदा उठाया। पांच रुपये वाला मास्क 100 रुपये तक में बिका। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हुई तो बिक्री भी कम हो गई और भाव भी। दूसरी लहर के समय बड़ी संख्या में मास्क की आपूर्ति हुई। सर्जिकल मास्क के साथ कपड़े के मास्क भी बाजार में पहुंचे, जिससे भाव बेतहाशा नहीं बढ़ सके। इस बार भी यही स्थिति है। बाजार में सर्जिकल मास्क भरपूर मात्रा में पहुंच गए हैं। इसकी पूछपरख शुरू हो गई है। दवा व्यापारियों के अनुसार लोग सतर्क हैं। हर दुकान पर 10 से 20 मास्क रोज बिक रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार पुराने अनुभव से सबक लेते हुए लोग सतर्क हो गए हैं। लोगों को यह पता चल गया है कि संक्रमण से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। यही कारण है कि लोग प्रारंभिक तैयारी के रूप में मास्क पहन रहे हैं। कुछ सरकारी संस्थाओं ने मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। इस कारण भी बाजार में मास्क की पूछपरख बढ़ी है। थोक व्यापारियों ने नया स्टाक मंगा लिया है। सैनिटाइजर के नए पैक भी बाजार में आ गए हैं। व्यापारियों के मुताबिक कोरोना से बचने के लिए लोग स्वप्रेरणा से इम्युनिटी बढ़ाने वाली दवाएं खरीद रहे हैं। विटामिन बी काम्पलेक्स, जिंक एवं विटामिन डी युक्त दवाओं की मांग बढ़ गई है। आयुर्वेदिक च्यवनप्राश भी मांगा जा रहा है। कोरोना की दूसरी लहर के समय थर्मामीटर, आक्सिमीटर आदि की मांग भी बहुत बढ़ गई थी। इस बार अभी तक इसकी मांग नहीं है। दवा व्यापारी संतोष जेठानी के अनुसार सामान्य सर्जिकल मास्क पांच से 10 रुपये में बेचा जा रहा है।

# 200 खिलाड़ी शामिल हुए मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में

**कटनी,यशभारत।** जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ द्वारा 8 वीं स्व. डॉ. एलिक पैट्रिक जॉर्ज मेमोरियल अंतर जिला मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 का आयोजन सायना इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान किया गया। यह प्रतियोगिता 35 वर्ष से लेकर 80 वर्ष के पुरुष एवं महिलाओं के लिए आयोजित की गई थी इसमें 100 मी., 200 मी., 400 मी., 800 मी., 1500 मी., 5000 मी. दौड़ प्रतियोगिता 3000 मी. पैदल चाल महिला वर्ग 5000 मी.पैदल चाल पुरुष वर्ग गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद व हैमर थ्रो की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कटनी, जबलपुर, विदिशा, होशंगाबाद, भोपाल, मंडला, बीना, सिवनी, डिंडोरी, रीवा, इटारसी, हरदा, गंजबासौदा के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी पदक विजेताओं को मुख्य अतिथि यश पाठक सुपुत्र संजय सत्येंद्र पाठक विधायक विजराघवगढ़ विशिष्ट अतिथि आर.के. अनेजा भारतीय मास्टर्स एथलेटिक्स संघ डॉ. आदित्य कुमार शर्मा प्राचार्य साइना इंटरनेशनल स्कूल ज्वैल पैट्रिक अध्यक्ष मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स संघ जोधा सिंह सचिव मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स संघ एम. जॉर्ज कोषाध्यक्ष मध्यप्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स संघ द्वारा प्रमाण पत्र व पदक प्रदान किए गए। कटनी जिले के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट और शानदार प्रदर्शन कर विभिन्न विधाओं इवेंट में गोल्ड, सिल्वर व ब्रोंज मेडल प्राप्त किया, कटनी जिले के परिणाम इस प्रकार रहे। गोला फेंक पुरुष वर्ग 35 वर्ष दीपक पांडे गोल्ड, 40 वर्ष जनाब हासिम खान गोल्ड, 45 वर्ष अरुण कुमार बहेलिया गोल्ड, महेंद्र बेन सिल्वर, 50 वर्ष विनोद कैथवास गोल्ड, राकेश कुमार चौधरी सिल्वर, 55 वर्ष नवीन जग्गी सिल्वर, 60 वर्ष एन.एस

### विजेताओं को प्रमाण -पत्र एवं पदक देकर किया सम्मानित
### मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 का भव्य आयोजन

चौरसिया गोल्ड, 65 वर्ष नारायण विश्वकर्मा सिल्वर, टॉप बहादुर थापा ब्रोंज महिला वर्ग 35 वर्ष मोनिका गुप्ता गोल्ड, 40 वर्ष अफसाना बी सिल्वर, गीतांजलि महेंद्र ब्रोंज भाला फेंक पुरुष वर्ग 35 वर्ष दीपक पांडे गोल्ड, 45 वर्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता सिल्वर, 55 वर्ष एस.एन. चौरसिया ब्रोंज, 65 वर्ष नारायण विश्वकर्मा ब्रोंज तवा फेंक पुरुष वर्ग 40 वर्ष राजकुमार सोनखरे गोल्ड, 50 वर्ष विनोद कैथवास गोल्ड, राकेश कुमार चौधरी ब्रोंज, 55 वर्ष रवि प्रकाश साई गोल्ड, 60 वर्ष नवीन जग्गी गोल्ड, 60 वर्ष एस.एन चौरसिया गोल्ड, रामप्रसाद सिल्वर, 65 वर्ष नारायण विश्वकर्मा गोल्ड, 70 वर्ष राजेंद्र सिंह सिल्वर, 75 वर्ष वीरेंद्र कुमार राजर्षि ब्राउन, महिला वर्ग 35 वर्ष मोनिका गुप्ता सिल्वर, 40 वर्ष अफसाना बी सिल्वर 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग 40 वर्ष राजकुमार सोनखरे सिल्वर, 45 वर्ष सुनील कुमार रौतिया गोल्ड, 50 वर्ष प्यारेलाल निगम गोल्ड, प्रवीण चक्रवर्ती सिल्वर, 55 वर्ष विनोद रजक सिल्वर, 65 वर्ष अशोक राव गोल्ड, रविंद्र ईश्वर सिल्वर महिला वर्ग 40 वर्ष गीतांजलि महेंद्र ब्रोंज, 50 वर्ष आशा शर्मा सिल्वर। 200 मीटर दौड़ 40 वर्ष राजकुमार सोनखरे ब्रोंज, 45 वर्ष आशीष श्रीवास्तव सिल्वर, 50 वर्ष प्यारेलाल निगम सिल्वर, प्रवीण चक्रवर्ती ब्रांच, 55 वर्ष विनोद रजक ब्रोंज, 60 वर्ष घनश्याम दास सिल्वर, 65 वर्ष अशोक राव गोल्ड, राजेंद्र ईश्वर सिल्वर, मनोहर लाल ब्रोंज महिला वर्ग, 50 वर्ष आशा शर्मा गोल्ड 400 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग 35 वर्ष राजाराम यादव सिल्वर, 45 वर्ष आशीष श्रीवास्तव गोल्ड, 50 वर्ष प्यारेलाल निगम गोल्ड, प्रवीण चक्रवर्ती ब्रोंज, 65 वर्ष रविंद्र ईश्वर गोल्ड, 800 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग 45 वर्ष सत्येंद्र शर्मा गोल्ड, 1500 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग 45 वर्ष सत्येंद्र शर्मा गोल्ड, 55 वर्ष बृजमोहन प्यासी गोल्ड 5000 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग 45 वर्ष सत्येंद्र शर्मा गोल्ड, 55 वर्ष बृजमोहन प्यासी सिल्वर, 5000 मीटर पैदल चाल पुरुष वर्ग 35 वर्ष राजाराम यादव गोल्ड, विकास चौधरी ब्रोंज 45 वर्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता गोल्ड, 55 वर्ष शकील अहमद सिल्वर, राकेश कुमार यादव ब्रोंज, 70 वर्ष राजेंद्र सिंह ब्रोंज, 80 वर्ष के.एल. कनकने गोल्ड, 3000 मीटर पैदल चाल महिला वर्ग 40 वर्ष सुषमा पांडे ब्रोंज, 50 वर्ष आशा शर्मा गोल्ड लंबी कूद पुरुष वर्ग 35 वर्ष विकास चौधरी सिल्वर, 45 वर्ष सुनील रौतिया सिल्वर, 55 वर्ष नवीन जग्गी गोल्ड, मंसूर अहमद सिल्वर, 65 वर्ष अशोक राव गोल्ड, सत्येंद्र शर्मा मैं 800 मी.1500 मी.5000 मी दौड़ में अशोक राव ने 100 मी.200 मी लम्बी कूद मे 3-3 स्वर्ण पदक जीते, कटनी जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष राजेश मनोध्या, सचिव अलोक कुमार जूडराज, कोषाध्यक्ष के.एल. कनकने ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों, दानदाताओं, सहयोगियों का आभार व्यक्त कर सभी पदक विजेताओं को बधाई प्रेषित दी।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर झूम उठे दर्शक, 9 छात्राओं का सम्मान

**कटनी,यशभारत।** दिगम्बर जैन शिक्षा संस्था द्वारा संचालित सन्मति सागर जैन कन्या उ.मा. विद्यालय एवं लाई महावीरा इंग्लिश मीडियम स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिवस वार्षिक सांस्कृतिक समारोह अत्यंत धूमधाम से नगर के गणमान्य नागरिक सिंघई संतोष कुमार जैन माल गुजार के मुख्य अतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता सं.सि. प्रसन्न कुमार जैन अध्यक्ष जैन पाठशाला ट्रस्ट ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पद पर बीआरसी मनोज गौतम विमल कुमार जैन मन एवं श्रीमती संध्या जैन अध्यक्ष महिला परिषद मंचासीन रहे। समारोह के आरम्भ छात्राओं द्वारा मंगलाचरण, गणेश वंदना एवं विद्यादायिनी माता सरस्वती की वंदना की गई। अतिथि देवो भव की परम्परा का निर्वाह करते हुये सभी अतिथियों को तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुये स्वागत किया गया। समारोह में संस्था अध्यक्ष अनूप सिघई द्वारा संस्था एवं विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित पालको के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। तत्पश्चात सं. सा. जैन कन्या विद्यालय की छात्राओं एवं लाई महावीरा इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों द्वारा एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें गरबानृत्य ए सामूहिक नृत्य ए केरल का छाऊ नृत्य, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई थीम, भांगडा, राजस्थानी बन्नी सांग, महारास आदि विशेष उल्लेखनीय रहे। मंचासीन अतिथिगणों द्वारा सन् 2022 में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किये जाने पर 09 छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक सांस्कृतिक समारोह के अवसर पर संस्था के मंत्री संजेन्द्र जैन कोषध्यक्ष मनोज जैन, ऑडिटर श्रेयांश जैन, सदस्य आशीष जैन, अंकित जैन मंचासीन रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के पालकगणों एवं दर्शको से समारोह स्थल भरा रहा। विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनो के स्टाल लगाये जिसका रसास्वादन दर्शकगण करते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा नैतिकता, बुद्धिमत्ता की सराहना करते हुये जीवन में सफल होने के लिये अपने अनुभव साझा किये। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती उमा बर्मन एवं श्रीमती नीता खरे ने किया। प्राचार्य एस.के.मिश्रा के आभार प्रदर्शन पश्चात् समारोह का समापन हुआ।

# शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने कराई उमरियापान उपार्जन केंद्र की जांच

### खरीदी के तत्काल बाद किसानों को पावती देने के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्टर कटनी में उमरियापान उपार्जन केन्द्र की जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला कटनी को निर्देशित किया गया। निर्देश के परिपालन में क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ढीमरखेडा एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से जांच करायी जाकर जांच प्रतिवेदन कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है। जिसमे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ढीमरखेडा द्वारा प्रतिवेदित दिया गया कि 19 दिसंबर को जांच समय तक 95 किसानो से 7776.40 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। उपार्जन केंद्र पर 125 किसानो की लगभग 7500 क्विंटल ढेर के रूप में एवं किसानो के बारदाने में संग्रहित पाई गई, जिनका उपार्जन किया जाना शेष है। किसानो के द्वारा लाई गई धान एवं उपार्जित धान की किस्म का परिक्षण करने पर धान प्रमुख रूप से 1010,महामाया,नाथ पोहा,क्रान्ति एवं स्थानीय किस्म का होना पाया गया है। स्थानीय किस्म की धान का प्रमाणीकरण ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सतीश ज्योतिषी एवं किसानो के द्वारा किया गया। उपार्जन केंद्र पर किसानो ओमप्रकाश पिता सोनेलाल किसान कोड 222420004844 तथा कमलेश कुमार पिता खलबल किसान कोड 222420001029 से उपार्जित धान जिसकी सिलाई नहीं की गई थी, प्रथम दृष्टया मानकों के विपरीत पायी गयी जिसे तत्काल शासकीय बारदाने से पृथक करते हुए सफाई कराने के उपरांत खरीदी करने के निर्देश दिये गये। उपार्जन केन्द्र पर किसानो से उपार्जित धान की बोरियों (भरी एवं सिली हुई) की पुनः तौल कराने पर मानक वजन से कम वजन पाया गया। उपार्जन केंद्र पर किसानो से उपार्जित बिना सिलाई की गई, बोरियों की पुनः तौल कराने पर बोरियों का वजन निर्धारित मानक वजन की सीमा में पाया गया। उपार्जन केंद्र प्रभारी को किसानों की धान में पंखा, श्रेशर एवं ग्रेडिंग मशीन लगाकर सफाई कराने, धान खरीदी पंजी में किसानों के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से कराने तथा किसानो से धान खरीदी के तत्काल बाद पावती प्रदाय करने के निर्देश दिये गये। उपार्जन केंद्र पर उपस्थित किसानो से केन्द्र पर आने वाली समस्या की जानकारी लेने पर कोई भी समस्या नहीं बताई गयी।

# युवा नीति को लेकर संवाद का आयोजन,छात्रों ने दिए सुझाव

**कटनी, यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में 12 और 13 जनवरी में युवा नीति को लेकर आयोजित होने वाली युवा संवाद कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों के बीच संवाद स्थापित किया इस मौके पर छात्रों से सुझाव लिए गए महाविद्यालय में एक सुझाव पेटी लगाई गई, जिसका प्रभारी श्रीमती ज्योति ताम्रकार एवं धीरज डिकोनिया को बनाया गया। युवा संवाद के ऊपर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव द्वारा युवा नीति निर्माण पर उद्बोधन दिया कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका भारत का भाग्य उसकी तस्वीर बदलने में सक्षम है। डॉ अरुण कुमार द्वारा युवा राष्ट्र को विकसित बनाने में युवाओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण जनभागीदारी हो सकती है ग्राम झरिया में युवा नीति के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# छात्रों ने बनाए अचार, कैंडी, वॉल हैंगिंग, लैंप व पोर्ट्रेट

**कटनी,यशभारत।** माधवनगर स्टेशन रोड अमीरगंज में स्थित एकाडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में दिनांक 25 दिसंबर को स्कूल ग्राउंड में छात्रों का एंटरप्रेन्योर के अंतर्गत बच्चों ने अपने स्टार्ट अप स्थापित किया जिससे छात्रों ने अचार, कैंडी, वॉल हैंगिंग, लैंप, पोर्ट्रेट एवं सर्दियों के लिए ऊन से बने झूमर एवं लड्डू गोपाल के वस्त्र इत्यादि बना कर उनकी ब्रैंडिंग की। जिसें अभिभावकगण एवं प्रबुध नागरिकों ने सराहना की एवं छात्रों का हुनर देख दाँतों तले उंगली दबा ली। छात्रों द्वारा मेला का आयोजन किया गया जहां भांति-भांति के व्यंजन बनाए जिसका लोगों ने लुफ्त उठाया। इसी तारतम्य में टैलेंट हण्ट के माध्यम से छात्रों ने अपना हुनर दिखाया जिस में फैन्सी ड्रेस, फैशन शो, डांस एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जजों की श्रेणी में श्रीमती दीपाली गुप्ता, श्रीमती किटी गुप्ता, श्रीमती स्वाति पाठक ने बच्चों के प्रदर्शन का निर्णय लिया एवं मुक्त कण्ठ से सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, यूथ कटनी संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अनु श्रीवास्तव एवं श्रेहा रौनक खंडेलवाल इत्यादि गणमान्य नागरिक उपास्थित रहें।

# गांव से पलायन दिखाकर बंद करा दी थी सामाजिक सुरक्षा पेंशन

### जनसुनवाई में शिकायत के बाद हुआ पेंशन का भुगतान

**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्टर कटनी में विधवा पेंशन विगत 10 माह से अप्राप्त आवेदक कमला बाई कारीतलाई भ्रमण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ जिला कटनी को निर्देशित किया जिसके संबंध में जिला स्तरीय जनसुनवाई ग्राम पंचायत कारीतलाई में कमला तिवारी द्वारा पेंशन प्राप्त न होने के संबंध में आवेदन दिया गया था। कमला तिवारी निवासी ग्राम कारीतलाई को पूर्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त हो रही थी किन्तु पेंशन सत्यापन सर्वे के दौरान कमला तिवारी ग्राम में नहीं पाये गये, उन्हें सत्यापन में पलायन दर्शाया गया, फलतः समग्र पेंशन पोर्टल द्वारा अपात्रता दर्ज कराते हुए पेंशन बंद कर दी गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई ग्राम पंचायत कारीतलाई में कमला तिवारी के प्राप्त आवेदन के आधार पर पुनः पात्रता परीक्षण उपरांत कल्याणी पेंशन दिनांक 22 दिसंबर को स्वीकृत कर दी गई है। जो पोर्टल अनुसार जनवरी 2023 से प्राप्त होगी।

# कसौंधन समाज ने प्रदेश स्तर पर चुनाव के लिए की चर्चा

**कटनी,यशभारत।** प्रांतीय चुनाव संचालन समिति व कसौधन वैश्य महासभा मध्यप्रदेश एवं कसौधन वैश्य सभा कटनी द्वारा संयुक्त रूप से राघव रेसीडेंसी में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संयोजक भीम गुप्ता जबलपुर कार्यवाहक अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, बुढार दर्शन गुप्ता, अध्यक्ष कसौधन वैश्य सभा कटनी भीम गुप्ता, जबलपुर की अध्यक्षता में निर्णय लिए गए और उसे प्रांत की सामान्य सभा में अनुमोदन हेतु रखा गया समिति द्वारा इस आयोजन के लिए दर्शन गुप्ता अध्यक्ष कसौधन वैश्य सभा कटनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में प्रदेश स्तरीय चुनाव पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के अंत में कसौधन वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद गुप्ता के हृदय आघात से आकस्मिक निधन पर परिवार के प्रति संवेदना तथा जीवात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अशोक गुप्ता ज्ञान चंद गुप्ता, शिवलाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, चकोरी लाल गुप्ता, नारायणदास गुप्ता, रामदासगुप्ता, संतोष गुप्ता, चंदिया वाले राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, द्वारका गुप्ता, सुरेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, गणेश गुप्ता, संजय गुप्ता, सावन गुप्ता, लकी गुप्ता विकास गुप्ता उपस्थिति रही।

### मेद्यावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन, लगन और मेहनत की सराहना

# गहोई समाज ने किया 57 विद्यार्थियों का सम्मान

**कटनी,यशभारत।** कटनी स्थानीय श्री गहोई समाज का शिक्षा क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत भव्य कार्यक्रम मेद्यावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन विगत दिवस गहोई धर्मशाला में श्री गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अरुण सरावगी जबलपुर रिट. डीन जवाहर लाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय,श्रीमती रिनी कटारे जिला आबकारी अधिकारी उमरिया कार्यक्रम अध्यक्ष,विषिष्ट अतिथि साकेत सुहाने सहायक यंत्री समाज के सरपंज डा. हजारी लाल नौगरहिया ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष कमलेश सुहाने के अतिथ्य में दीप प्रजज्वल के साथ प्रारंभ हुआ प्रथम चरण मे सभी अतिथियों की स्वागत श्रृंखला में ट्रस्ट कमेटी सहित समाज की सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागतग वंदन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष कमलेश सुहाने द्वारा ट्रस्ट के कार्यो,संचालित योजनाओं एंव आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुये समाज सम्मुख विषयों को रखा,ट्रस्ट सचिव राकेष सुहाने द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये औषधालय,मैथिलीषरण गुप्त तिराहा,आक्सीजन बैक,छात्रवृत्ति योजना एंव वित्तीय लेखा की जानकरी दी गई कार्यक्रम संयोजक अमित टुड़हा द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 57 छात्र छात्रायें प्रथम 17 एंव 40 छात्र छात्रायें प्रोत्साहन के रुप सम्मान किया गया जिसमें दोनो स्थानों पर छात्रायें अधिक स्थान बनाते हुये अग्रणी रही है अतिथियों द्वारा उद्बोधन में कठिन परिश्रम, समय बाध्यता, असफलता के बाद सफलता को प्रसिल करना,वर्तमान में महिलाओं का साहस के साथ आगे बढ़ना,जैसे विषयों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के तृतीय चरण में गरिमामयी मंच द्वारा कुल 57 प्रतिभाषाली छात्र-छात्राओं को प्रथम एंव प्रोत्साहन में पदक, पुरुस्कार एंव सौजन्य पुरुस्कार से सम्मानित किया गया समाज का सर्वोच्च पुरुस्कार गहोई गौरव श्रेय गंधी को दिया गया एंव गहोई प्रतिभा का सम्मान षिवी तीतविरासी व गहोई खेल रत्न आदित्य सिजारिया ने प्राप्त किया समारोह में षिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवायें प्रदान कर सेवानिवृत शिक्षक हरिप्रसाद बडौन्या शिक्षिका श्रीमती आषा जार का एंव राजनैतिक क्षेत्र में श्री दीपक सोनी टंडन का सम्मान शाल,श्रीफल,अभिनंदन पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन चंद्रप्रकाश बरसैया,नरेन्द्र खंताल एंव राकेश सुहाने द्वारा किया गया समारोह में पंच परिषद,ट्रस्ट कमेटी,विकास मंडल,वरिष्ठ संघ,नवयुवक मंडल,महिला समिति, रामायण मंडल,जागृति समिति,एकता मंडल,मनन संस्था,वनिता समिति,उन्नति समिति,झुडेले ट्रस्ट, ओमप्रकाष टुड़हा, धरमदास चौदहा सुषील बरसैया,सचिन बहरें,प्रीतेष बिलैया, लकी कनकने,प्रमोद कस्तवार,अनुराग त्रिसोलिया,आषीष कंदेले,मनोज कस्तवार,राकेष बहरें,अरुण कुदरहा,,हितेष बिलैया,अग्रज लहरिया,पंकज त्रिसोलिया,ट्रस्ट कमेटी के सदस्य पंच परिषद से डा. अशोक चौदहा, पुरुषोत्तमदास सोनी, टंडन, नारायणदास तीतविरासी, ओमप्रकाष छिरौल्या, अशोक सेठिया, उमाशंकर सुहाने, ओमप्रकाश तपा, सुरेश नौगरहिया, ज्योतिप्रकाश नगरिया,राजेश बरसैया,बिहारी लाल सोनी, कमलेष बडेरिया,रविकस्तवार, राज कुमार लहरिया, अर्चना सोनी, सीमू गंधी,रजनी बिलैया,विभा कंदेले,डा0स्वाति छिरौल्या,अंषू टुड़हा,संजय चौदहा,संजय कनकने, दिलीप सुहाने,अजय तीतविरासी,गौरव बहरें,,राजबहादुर बहरें,नितिन टुड़हा,सेतू टुड़हा,मनोज गुप्ता सहित बडी संख्या में गहोई समाज के बंधुओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

**आवश्यकता**
कटनी में रियल्टी मार्केटिंग के लिये 18 से 45 वर्ष के युवकों की आवश्यकता है। इच्छुक युवक इन नंबरों पर शीघ्र संपर्क करें
9827172259, 9713894057

# क्या हमेशा के लिए टी20 से गई रोहित शर्मा की कप्तानी

**नई दिल्ली,ईएमएस।** श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी गई है। टी20 सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि वनडे सीरीज की अगुवाई रोहित शर्मा करेंगे। रोहित बांग्लादेश दौरे पर चोटिल हुए थे जिसके कारण वह टेस्ट सीरीज में भी हिस्सा नहीं ले पाए। हालांकि यह उम्मीद की जा रही थी कि श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से रोहित वापसी कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि क्या बीसीसीआई ने टीम इंडिया में बड़े बदलाव की शुरुआत कर दी है? जिसके कारण रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को टी20 सीरीज में कप्तानी सौंपी गई है। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब कप्तानी को लेकर टीम में इस तरह का बदलाव हुआ है। विराट कोहली ने जब कप्तानी रोहित शर्मा को सौंपी उसके बाद से ही लगातार टीम के नेतृत्व को लेकर प्रयोग किए जा रहे हैं। यही कारण है कि इस दौरान कभी केएल राहुल, तो कभी जसप्रीत बुमराह। कभी शिखर धवन तो कभी ऋषभ पंत को अलग-अलग फॉर्मेट में कप्तान बनाया गया। इस प्रयोग का हिस्सा हार्दिक भी रहे जब उन्हें आयर्लैंड दौरे पर पहली बार नेशनल टीम की अगुवाई करने का मौका मिला था।

## टी20 में रोहित शर्मा की कप्तानी

यूएई में खेले गए टी20 विश्व कप 2021 के लीग स्टेज से बाहर होने के टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने अपना पद छोड़ दिया था। इसके बाद रोहित शर्मा को टीम की कमान मिली। रोहित शर्मा नवंबर 2021 से टी20 फॉर्मेट में टीम के नियमित कप्तान बने। इस दौरान उनकी कप्तानी में टीम इंडिया का रिकॉर्ड काफी बेहतरीन रहा। भारत 2021 से उनकी कप्तानी में कुल 32 मैच खेली जिसमें उसे 24 में जीत मिली जबकि सिर्फ 8 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि इसके बावजूद रोहित की कप्तानी की सबसे बड़ी असफलता एशिया कप और टी20 विश्व कप के फाइनल में नहीं पहुंच पाने का रहा। शानदार रिकॉर्ड के बावजूद रोहित को इसका मलाल जरूर रहेगा। वहीं रोहित के ओवरऑल कैप्टन्सी रिकॉर्ड पर नजर डाले तो उन्होंने कुल 51 टी20 मैचों में भारत की अगुवाई की है, जिसमें से 39 में टीम को जीत मिली जबकि 12 में हार। ऐसे में इस रिकॉर्ड देखे तो किसी भी तरह से यह खराब नहीं कहा जा सकता है।

## वनडे और टेस्ट में रोहित की कप्तानी

टी20 के अलावा रोहित शर्मा भारत के लिए वनडे टेस्ट में भी नियमित कप्तान है। हालांकि चोटिल होने के कारण वह कम ही मुकाबलों में टीम का नेतृत्व कर सके हैं। वनडे में उनकी कप्तानी पर नजर डालें तो वे 18 मैचों में अगुवाई जिसमें टीम को 13 में जीत मिली और सिर्फ मैच में हार। इसके अलावा टेस्ट रोहित ने सिर्फ दो मैचों में कप्तानी है और दोनों में ही टीम इंडिया को जीत मिली है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का है इंतजार

हालांकि यह आधिकारिक तौर पर नहीं कहा जा सकता है और ना ही बीसीसीआई ने टी20 में कप्तानी को लेकर कोई अपडेट दिया है। चुकि रोहित कप्तान हैं और उनकी गैरमौजूदगी में उप कप्तान ही टीम की अगुवाई करते हैं। ऐसे में यह तभी साफ हो पाएगा जब न्यूजीलैंड की टीम भारत आएगी। भारत को श्रीलंका के बाद न्यूजीलैंड से लिमिटेड ओवरों की सीरीज में भिड़ना है। इस सीरीज में अगर बीसीसीआई रोहित की जगह हार्दिक को ही टी20 में कप्तान बनाए रखता है तो यह साफ हो जाएगा कि इस फॉर्मेट में अब उनका पत्ता कट गया है। इसके बावजूद अब ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई अब रोहित को सिर्फ वनडे और टेस्ट में कप्तानी देने के मूड में है। वहीं टी20 जैसे फॉर्मेट में एक नई टीम तैयार करने की मंशा से हार्दिक को पूरी तरह से कमान सौंपी जा सकती है। ऐसे में यह जानना भी जरूरी है कि टी20 में रोहित की कप्तानी का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा रहा है, जिसके कारण बीसीसीआई को अब यह कठोर फैसला लेना पड़ रहा है।

# भारी कंफ्यूजन... जवाब से ज्यादा सवाल, टीम इंडिया के चयन के बाद हर किसी के मन में ये 5 बड़ी दुविधाएं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ यूं तो टी20 और वनडे सीरीज को लेकर शायद क्रिकेट प्रेमियों में बहुत ज्यादा उत्साह नहीं होता लेकिन भारतीय चयनकर्ताओं ने टीम के चयन में कुछ ऐसे फैसले लिये, जिससे अचानक ही इस सीरीज में भी गरमाहट आ गई है। पहला सवाल तो यही है कि आखिर जो चयनसमिति तथाकथित रुप से भंग कर दी गई थी, उसे ही नये साल की पहली सीरीज के लिए टीम को चुनने की जिम्मेदारी क्यों दी गई? बहरहाल, अभी ऐसा कहा जा रहा है कि 29 दिसंबर को क्रिकेट सलाहकार समिति मुंबई में बैठक करेगी और नई चयनसमिति के गठन पर भी फैसला होगा। अगर ऐसा है तो भारतीय क्रिकेट से जुड़े संवेदनशील और अहम मुद्दों पर पुरानी चयनसमिति ने इतने बड़े फैसले कैसे कर लिये? श्रीलंका के खिलाफ इस टीम चयन के बाद हर किसी के दिमाग में कई सवाल उठ रहे हैं। इसका जवाब न तो चयनकर्ताओं ने दिया है और न ही बीसीसीआई की तरफ से आधिकारिक बयान आया है। आईए जानते हैं कि कौन से बड़े सवाल लोगों के मन में उठ रहे हैं।

**नंबर 1-** क्या चेतन शर्मा और उनके साथियों को ये तय करने का अधिकार है कि टी20 में भविष्य में विराट कोहली और रोहित शर्मा की जगह नहीं होगी? अगर इन दोनों को श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज से आराम दिया गया है तो ये बताया क्यों नहीं गया?

**नंबर 2-** क्या केएल राहुल अब फिलहाल पूरी तरह से भविष्य के कप्तानी के दौड़ से बाहर हो गये हैं? यहां तक कि टी20 में भी उनकी जगह नहीं बनती है और मुमकिन है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब चार मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू हो तो बांग्लादेश दौरे पर जाने वाले टेस्ट कप्तान को टीम में ही जगह ना मिले।

**नंबर 3-** क्या शिखर धवन का इंटरनेशनल करियर खत्म हो गया है? वो सिर्फ इसलिए कि क्योंकि उनकी जगह युवा ईशान किशन ने दोहरा शतक लगा दिया था। या धवन का लंबे समय तक खराब फॉर्म में चलना वजह है। या फिर शुभमन गिल उनके बेहतर विकल्प है? सवाल तो काफी हैं लेकिन चयनकर्ताओं की तरफ से जवाब एक भी नहीं आया।

**नंबर 4-** धवन की ही तरह क्या दिनेश कार्तिक, भुवनेश्वर कुमार, रविचंद्रण अश्विन की भी सफेद गेंद की क्रिकेट से हमेशा के लिए छुट्टी हो गई है? क्या मोहम्मद शमी का भी टी20 करियर खत्म हो चुका है और सिर्फ उन्हें वनडे वर्ल्ड कप के लिए योजनाओं में शामिल रखा जा रहा है?

**नंबर 5-** सबसे ज्यादा बहस हुई ऋषभ पंत को लेकर है। शुरू में ये कहा गया कि पंत को सफेद गेंद की टीम से बाहर कर दिया गया लेकिन फिर दूसरी तरफ से बीसीसीआई के कुछ अधिकारियों ने अनौपचारिक तौर पर ये बताया कि पंत अगले 2 हफ्ते नेशनल क्रिकेट एकेडमी , बैंगलोर में फिटनेस की दुरुस्त करने के लिए होंगे। लेकिन सवाल अब भी वहीं का वही खड़ा है। क्या पंत को सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में मैच विनर के तौर पर देखा जा रहा है और सफेद गेंद में फिलहाल ईशान किशन-संजू सैमसन और केएल राहुल की तिकड़ी बारी-बारी से अपना दावा पेश करेंगे। कहने का मतलब ये है कि विकेटकीपर को लेकर चल रहा म्यूजिकल चेयर का खेल अभी भी चलता ही रहेगा। बहरहाल, ये 5 सवाल तो सबसे अहम थे जिनकी चर्चा हमने अभी की है लेकिन आने वाले कुछ दिनों में चयन से जुड़े कुछ और मुद्दे है जिसपर निश्चित तौर पर पूर्व कप्तानों और पूर्व खिलाड़ियों की बेबाक राय इस बहस को इस सर्दी में और गरमाहट देगी।

# RCB के पूर्व बल्लेबाज को मुंबई इंडियंस में मिली बड़ी जिम्मेदारी, कीरोन पोलार्ड की करेंगे मदद

**मुंबई, ईएमएस।** मुंबई पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ) ने अरुण कुमार जगदीश को टूर्नामेंट के 2023 सीजन से पहले सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। अरुण कुमार मुंबई इंडियंस के सपोर्ट स्टाफ से जुड़ेंगे। कीरोन पोलार्ड टीम के बल्लेबाजी कोच हैं और जगदीश उनका साथ देंगे। शेन बांड और जेम्स पेमेंट क्रमश- गेंदबाजी और फील्डिंग कोच हैं। वहीं हेड कोच की जिम्मेदारी मार्क बाउचर के पास है।

### आरसीबी के लिए खेल चुके

अपने खेलने के दिनों में 47 साल के अरुण कुमार दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज थे। उन्होंने 100 से ज्यादा प्रथम श्रेणी मैचों में 7208 रन बनाये हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में 1993 से 2008 तक कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया था। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का हिस्सा भी रह चुके हैं। आईपीएल 2008 में उन्होंने टीम के लिए तीन मुकाबले खेले थे। हालांकि उन्हें कभी टीम इंडिया के लिए खेलने का मौका नहीं मिला।

### कोचिंग में कमाल कर चुके

क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्होंने कोचिंग की तरफ रुख किया और उन्हें तुरंत सफलता मिली। अरुण कुमार कर्नाटक टीम के बल्लेबाजी कोच थे जब उसने 2013-14 और 2014-15 में रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी के खिताब लगातार जीते थे। अरुण कुमार की कोचिंग में आईपीएल भी शामिल है। उन्होंने 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब ( अब पंजाब किंग्स ) के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया था। घरेलू क्रिकेट में वह हैदराबाद टीम के साथ काम कर चुके हैं और 2019-20 सत्र में पुडुचेरी के प्रमुख कोच रहे थे। अरुण कुमार ने 2020 से दिसंबर 2022 तक अमेरिका की पुरुष क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच के रूप में भी काम किया था।

### अंतिम नंबर पर रही थी मुंबई

आईपीएल 2021 में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल में अंतिम स्थान पर थी। इस बार टीम ने ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीज को नीलामी में खरीदा है। इसके साथ ही चोटिल जोफ्रा आर्चर भी वापसी करेंगे। इसी वजह से टीम को नए सीजन में बड़ा दावेदार माना जा रहा है।

# विवेक अग्निहोत्री ने बेशरम रंग को बताया रेप के लिए उकसाने वाला

# लोग बोले- पाखंडी अपनी हेट स्टोरी भूल गए?

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री को आप जानते होंगे। वही कश्मीर फाइल्स वाले। चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर थू-थू भी हो रही है। क्योंकि इन्होंने इस बार काम ही कुछ ऐसा किया है। लोग इनकी पुरानी बातें और पुरानी फिल्में खोद-खोदकर निकाल रहे हैं। हुआ ये है कि इन्होंने एक ट्वीट किया है। जिसमें एक वीडियो अटैच्ड है। एक तरफ शाहरुख खान की फिल्म पठान का गाना बेशरम रंग चल रहा है और दूसरी तरफ एक 12-14 साल की लड़की कुछ बोल रही है। सॉरी। बोल नहीं रही, बल्कि उस गाने को रेप के लिए उकसाने वाला बता रही है। दरअसल, विवेक अग्निहोत्री ने ट्वीट कर लिखा- वॉर्निंग, येवीडियो बॉलीवुड के खिलाफ है। मत देखिए अगर आप सेक्युलर हैं। 1 मिनट 56 सेकेंड वाले वीडियो में एक लड़की आती है और कहती है- नमस्ते अंकल, नमस्ते आंटी। मेरा नाम है लड़की। मैं ना आप कैमरा के पीछे वाले जादूगरों की बहुत बड़ी फैन हूं। डारेक्टर अंकल, प्रोड्यूसर आंटी...। इसके बाद वह ताली बजाती है और चेहरे पर कई सारे चोट के निशान दिखाई देते हैं। वह रोती है और डरी-सहमी सी दिखाई देती है। लड़की वीडियो में कहती है- इतनी अश्लीलता कहां से लाते हैं आप लोग? न मेरे शरीर की कोई रिस्पेक्ट, न मेरे मन का कोई मोल, बस गंदगी में लिपटे हुए निरर्थक शब्द और निर्वस्त्र दृश्य... इसे कहते हैं आप कंटेंट?

## कंटेंट क्रिएटर नहीं बल्कि बेटियों के किलर हैं आप

लड़की आगे कहती है- आप तो देखने वाले अपराधियों को उकसाकर चले जाते हैं। पर बलि चढ़ती है हम बेटियां। तीन साल की, आठ साल की, 12 साल की बेटियां। एक मिनट आपके घर में भी तो बेटियां होगी ना? तो आप ऐसा क्यों करते हैं? साफ सुथरा कंटेंट सोशल मीडिया और ओटीटी पर बनाते ही हैं लोग। सब देखते हैं। तो आप ऐसा क्यों करते हैं.. पैसे के लिए ना? कैसे-कैसे शब्द लिखते हैं आप? कैसे-कैसे कॉस्ट्यूम्स, कैसे-कैसे सीन्स, शर्म नहीं आती? दया नहीं आती? आप तो अपनी फिल्म दिखाकर निकल लेते हैं। लेकिन आज सुनिए। देश के दुश्मन हैं आप लोग। कंटेंट क्रिएटर नहीं बल्कि बेटियों के किलर हैं आप। देश के विलन हैं आप लोग। हम लड़कियों की रिक्वेस्ट है। प्लीज प्रोवोकेटिव और अश्लील फिल्म बनाना बंद कीजिए। प्लीज अपनी स्क्रिप्ट और डायरेक्शन बदलिए। सोशल मीडिया और ओटीटी हमारा शोषण करने के लिए नहीं है।

## विवेक अग्निहोत्री की लोगों ने उधेड़ी बखिया

अब इस वीडियो के बाद लोगों ने विवेक अग्निहोत्री की बखिया उधेड़ दी। उन्होंने ऐसे-ऐसे वीडियो शेयर किए। उनकी पुरानी पोस्ट्स शेयर कीं, जिसके बाद तो उनकी फजीहत हो गई। कुछ ने उनकी फिल्म हेट स्टोरी का टॉपलेस पोस्टर शेयर किया तो कुछ ने उनका पुराना वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा है- आप पूरी तरह से आर्टिस्ट नहीं हैं जब तक आपने अपनी फिल्मों में एरॉटिका को नहीं दिखाया। किसी महिला के शरीर को सेलिब्रेट करने में क्या बुराई है। इस दुनिया में सबसे खूबसूरत है एक फिल्ममेकर के लिए, एक फ्रोटोग्राफर के लिए दो नग्न शरीर को साथ में शूट करना। प्यार दिखाना। अब आपको अलग तरह से इस बारे में पढ़ाया-सिखाया गया है। आपके परिवार, स्कूल और सोसाइटी ने अलग ढंग से इस बारे में बताया है तो इसका मतलब ये नहीं कि मैं भी वैसा ही देखूंगा। मैं इसमें सुंदरता देखता हूं और आप शॉक्ड हो जाते हो।

# सलमान के बर्थडे पर घर के बाहर उमड़ी फैंस की भीड़ भाईजान ने बालकनी में आकर किया सलाम

**मुंबई, एजेंसी।** सलमान से मिलने को गैलेक्सी के बाहर भारी भीड़ सलमान ने बालकनी में आ फैंस का अभिवादन किया सलमान खान के फैंस लंबे समय से उनकी फिल्म टाइगर 3 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अपने हर बर्थडे पर दबंग खान फैंस को हमेशा ही स्पेशल तोहफा देते हैं। इस बार भी सलमान ने फैंस को तोहफा दे ही दिया। सलमान खान का 27 दिसंबर को 57वां बर्थडे था और इस मौके पर एक्टर ने अपने घर की बालकनी में आकर फैंस को झलक दिखलाई। वह पिता सलीम खान के साथ अपने गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी में आए और हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया। बर्थडे पर Salman Khan की एक झलक पाने को फैंस की भारी भीड़ कई घंटों से इंतजार कर रही थी। बुरी तरह जाम लग गया था और पुलिस भी भीड़ को काबू करने पाने में नाकाम हो रही थी। ऐसे में सलमान सिर्फ चंद सेकेंड के लिए ही बालकनी में आए और फैंस से मिलकर चले गए। देश के कोने-कोने से फैंस की भारी भीड़ अपने हीरो सलमान को बर्थडे विश करने गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंची थी। सलमान खान की भांजी अयात का प्री-बर्थडे सेलिब्रेशन काफी धमाकेदार रहा। क्रिसमस थीम पर बेस्ड इस पार्टी में बॉलीवुड के जाने- माने सितारों ने अपने बच्चों संग खूब मस्ती की। सलमान की बहन अर्पिता और आयुष शर्मा ने अयात के प्री- बर्थडे सेलिब्रेशन का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। सलमान खान के फैंस भी जानते हैं कि भाईजान अपनी लाडली भांजी अयात पर जान छिड़कते हैं। ऐसे में इस पार्टी में तमाम स्टार्स को परिवार संग न्योता भेजा गया। अयात की बर्थडे पार्टी में रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा अपने दोनों बेटों संग मौजूद रहे। इस जोड़ी में पपाराजी के सामने जमकर पोज भी दिए। सलमान खान इन दिनों मुंबई से बाहर हैं। लेकिन अयात को मामू की कमी ना खले इसलिए उनके दोनों भाई, अरबाज और सोहेल अपनी भांजी के बर्थडे में मौजूद रहे।

## सलमान के लिए रो पड़ी एक फैन

सलमान की एक फैन तो ऐसी थी जो केरल से आई थी और वह सलमान के लिए रो पड़ी। इससे पहले सलमान ने 26 दिसंबर की शाम अपने घर पर एक शानदार बर्थडे पार्टी रखी, जिसमें दोस्त शाहरुख खान के अलावा कई बॉलीवुड सेलेब्स और करीबी दोस्त शामिल हुए। बर्थडे पार्टी की कई तस्वीरें और अनदेखे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सलमान की बर्थडे पार्टी में उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी के अलावा दोस्त यूलिया वंतूर, बाबा सिद्दीकी, सुनील शेट्टी और रितेश देशमुख व जिनिलिया नजर आई।

## इन फिल्मों में नजर आएंगे सलमान खान

प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो सलमान खान टाइगर 3, पठान और किसी का भाई किसी की जान जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। टाइगर 3 10 नवंबर 2023 में रिलीज होगी, जबकि पठान 25 जनवरी 2023 में रिलीज होगी। शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म में सलमान एक कैमियो में नजर आएंगे।

# ई-स्पोर्ट्स को मिली मान्यता, भारत सरकार ने किया ऐतिहासिक फैसला

**नई दिल्ली,ईएमएस।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक मान्यता देकर देश की प्रमुख खेल विधाओं में शामिल कर लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान की धारा 77 के प्रावधान तीन में मिले अधिकारों का प्रयोग करके ई स्पोर्ट्स से संबंधित नियमों में बदलाव किया और सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स और खेल मंत्रालय से ई-स्पोर्ट्स को बहु खेल आयोजनों में शामिल करने के लिये कहा। जकार्ता एशियाई खेल 2018 में ई खेलों को नुमाइशी खेल के रूप में शामिल किये जाने के बाद से इसे बहु खेल आयोजन का हिस्सा बनाने की मांग उठ रही थी। राष्ट्रपति की अधिसूचना ( 23 दिसंबर को जारी) के बाद आई टी मंत्रालय आनलाइन गेमिंग संबंधी मसलों पर नोडल एजेंसी होगा और खेल मंत्रालय को अपने विषयों में इसे शामिल करना होगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति भी ई खेलों को बढ़ावा दे रही है और इसी कवायद में अगले साल जून में सिंगापुर में पहला ओलंपिक ई स्पोर्ट्स सप्ताह भी मनाया जायेगा। भारतीय डीओटीए टू टीम ने बर्मिंघम में अगस्त में हुई पहली राष्ट्रमंडल ई खेल चैम्पियनशिप में न्यूजीलैंड को हराकर कांस्य पदक जीता था। अगले साल चीन में होने वाले एशियाई खेलों में ई खेलों का पदार्पण होगा।

## ई-स्पोर्ट्स क्या होता है?

ई-स्पोर्ट्स का इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स है। जिसका हिंदी अर्थ इलेक्ट्रॉनिक खेल है। eSports में इलेक्ट्रॉनिक खेल शामिल हैं। एक तरह से हम इसे डिजिटल गेम भी कह सकते हैं। एक खेल जिसमें मल्टीप्लेयर खिलाड़ी एक साथ खेल सकते हैं, ई-स्पोर्ट बन सकता हैं।

# जमीन ने पहुंचाया आसमान पर

## कटनी में अवैध प्लाटिंग की राम कहानी: कलेक्टर ने कहा कराएंगे जांच

**कटनी,यशभारत। जमीन पर दांव लगाकर करोड़पति बनने के खेल में उद्योगपतियों के साथ नेताओं की भी पार्टनरशिप है। कटनी में अधिकारियों, सफेदपोशों और भू-माफिया का ऐसा सिंडिकेट तैयार हो चुका है जो शहरी सीमा पर सस्ती और खाली पड़ी जमीनों पर गिद्ध दृष्टि रख रहा है। ताज्जुब की बात तो यह है कि प्लाटिंग के बाद खरीददारों को जो फुटकर रजिस्ट्री की जाती है, उसमें रजिस्ट्री करने वाले व्यक्ति की निजी हैसियत का पता लगा लिया जाए तो लोग आश्चर्य में पड़ जाएंगे। जिन स्थानों पर प्लाटिंग हुई है उनके दस्तावेजों की बारीकी से जांच पड़ताल में यह बात निकलकर आ सकती है कि जिस जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है दरअसल उसका वास्तविक मालिक तो कोई और ही है। यह व्यक्ति किसी पैसे वाले का कर्मचारी, किसान, आदिवासी या अन्य अदना सा व्यक्ति हो सकता है। इन मामलों पर कलेक्टर अवि कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। कलेक्टर का कहना है कि कटनी में हो रही प्लाटिंग की जांच कराई जाएगी।**

टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम और ग्राम एवं नगर निवेश विभाग के नियमों को दरकिनार कर प्लाटिंग करने वालों का साथ पैसों की लालच में पटवारी और राजस्व निरीक्षक दे रहे हैं। यह जांच का विषय है कि विक्रेता अगर एक ही खसरा नंबर की 50-50 रजिस्ट्रियां करवा रहा है तो पटवारी और राजस्व निरीक्षक इसमें दाखिल खारिज कैसे दर्ज कर रहे हैं। फिर जिस व्यक्ति के नाम से इतनी रजिस्ट्रियां की जा रही हैं उसकी आर्थिक स्थिति कैसी है। आम आदमी यदि जमीन का सीमांकन कराने जाता है तो उसमें लगभग 6 माह का समय लग जाता है, लेकिन भू-माफिया द्वारा की जाने वाली प्लाटिंग में सीमांकन एक हफ्ते के भीतर ताबड़तोड़ गति से हो जाता है। कलेक्टर को चाहिए कि शहर में जिन भी स्थानों पर प्लाटिंग की जा रही है उसमें पटवारी और राजस्व निरीक्षक की भूमिका की जांच कराएं। यह भी तथ्य उल्लेखनीय है कि पटवारी को मौके पर जाकर मुआयना करने के बाद दाखिल खारिज करना होता है ऐसे में क्या पटवारी को तब पता नहीं होता कि जो प्लाटिंग की गई है वह वैध या अवैध।

**यश भारत पड़ताल**

इस संबंध में जानकारों का कहना है कि प्लाटिंग के बाद क्रेताओं को फुटकर रजिस्ट्रियां करने का अधिकार कालोनाइजर्स के पास होता है, इसलिए इस गोरखधंधे के शातिर खिलाड़ी किसी और के नाम पर रजिस्ट्री उठाकर फुटकर रजिस्ट्री करते हैं। इस खेल में पहले उस व्यक्ति से एग्रीमेंट किया जाता है जिसकी जमीन होती है, बाद में प्लाटिंग करने के बाद भारी भरकम मुनाफा कमाकर परमानेंट रजिस्ट्री कर ली जाती है, लेकिन जिस जमीन पर प्लाटिंग की जाती है उसकी जांच प्रशासन को करना चाहिए। कटनी में देखा गया है कि किसानों और आदिवासियों की जमीनों को मिट्टी मोल खरीदकर इसमें अवैध प्लाटिंग के बाद लोग करोड़पति बने हैं। इस कारोबार में जमीन किसी और की होती है और प्लाटिंग में पैसा लगाने वाले कोई और होते हैं। मतलब सारी रिस्क उस व्यक्ति की होती है जिसके नाम पर जमीन दर्ज है। ज्यादातर मामलों में जमीन का मालिक किसी उद्योगपति का कर्मचारी ही निकलता है जिसके नाम पर बकायदा बैंक में खाता भी खुला होता है और सारा लेनदेन इसी व्यक्ति के नाम पर होता है, जिसे लाखों करोड़ों के ट्रांजेक्शन का पता भी नहीं चलता। उसके नाम पर अवैध व्यापार करते हुए लोग करोड़पति हो जाते हैं।

### चाका बायपास से लगी जमीनों की जांच जरूरी

प्लाटिंग के मामले में चाका बायपास और इससे लगी जमीनों की अगर जांच की जाए तो कई चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक यहां आदिवासियों की जमीनें खरीदकर प्लाटिंग की गई हैं। दूसरी ओर आदिवासियों की जमीन को शातिराना तरीके से खरीदकर सामान्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज करा दिया गया है। इन जमीनों के पिछले कई सालों के रिकार्ड खंगाले जाएं तो पूरा मामला उजागर हो सकता है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में 3 से 4 लाख रुपये एकड़ जमीनें खरीदकर करोड़ों में बेची गई हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि अधिकांश मामलों में पर्दे के पीछे शहर के बड़े नाम शामिल हैं।

### सत्ता पक्ष से जुड़े तार

जानकारों के मुताबिक नई बस्ती क्षेत्र में चड्डा कॉलेज के पीछे प्लाटिंग करने वालों के तार सत्ता पक्ष से जुड़े हुए हैं। खबर तो यह भी है कि ये लोग एक राजनैतिक दल के सदस्य भी हैं और उन्हें पार्टी के कार्यक्रमों में देखा भी जाता है। इनके रसूख की वजह से ही शायद अधिकारी इनके गोरखधंधे में हांथ नहीं डाल पा रहे हैं।

# बिजली दफ्तर तक फिर आया तेंदुआ!

## बरही : पंचमुखी मंदिर के पास मिले पगमार्क

**कटनी, यशभारत।** बरही क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। वन परिक्षेत्र अंतर्गत बसे गांवों में कभी बाघ तो कभी तेंदुओं की चहलकदमी व शिकार से भय का माहौल बना हुआ है। दो दिनों से फिर तेंदुओं की दस्तक से ग्रामीण दहशत में हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरही के बिजली ऑफिस पंचमुखी मंदिर के पास तक तेंदुआ पहुंचा है। मंदिर के 100 से 200 मीटर की परिधि में व खेतो में तेंदुए के पद चिन्ह देखे गए हैं। किसानों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। रेंजर डॉ. गौरव सक्सेना ने बताया कि ग्रामीणों ने तेंदुआ नगर तक पहुंचने की सूचना दी है। तत्काल टीम के साथ मौके जायजा लिया गया है। क्षेत्र के लोकामपुर, सूर्यसनातन, खितौली रोड, रेल लाइन, करौंदी खुर्द के क्षेत्रों में लगातार तेंदुआ पहुंच रहा है। आसपास के क्षेत्र में पद चिन्ह मिले हैं। तेंदुआ के पहुंचने से किसानों में दहशत का माहौल है। वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. गौरव सक्सेना का कहना है कि तेंदुए के पद चिन्ह मिलने के बाद वन विभाग की टीम लगातार निगरानी रखे हुए है। ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा गया है।

### वन विभाग ने शुरू की गश्त, ग्रामीणों को किया सतर्क

# जहरखुरानी के आरोपियों को चार वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी, यशभारत।** नवम अपर सत्र न्यायाधीश ने कटनी रेलवे स्टेशन में यात्री को जहरीला पदार्थ पिलाकर नगदी, मोबाइल एवं बैग चोरी करने के दो आरोपियों क्रमशः अनूपपुर जिले के कोतमा क्षेत्र निवासी मोहम्मद अकरम उर्फ समीर व प्रयागराज निवासी मोहम्मद कलाम को 4-4 साल के सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक रजनीश सोनी ने बताया कि 13 जून 2016 की रात करीब नौ बजे यात्री इन्द्रभान मिश्रा रेलवे स्टेशन कटनी के प्लेटफॉर्म क्रमांक-5 में ट्रेन का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान आरोपियों ने उससे मेलजोल बढ़ाया और कोल्ड ड्रिंक पीने दिया। कोल्डड्रिंक पीते ही इन्द्रभान मिश्रा बेहोश हो गया। उसके बेहोश होने के बाद आरोपी उसके पास रखे 21 हजार रुपये नगद, मोबाइल, कपड़ों से भरा बैग लेकर भाग गए। होश आने पर पीड़ित यात्री ने एफआइआर दर्ज कराई। जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। अभियोजन के तर्कों एवं रेल पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषसिद्ध पाते हुए मोहम्मद कलाम व मोहम्मद अकरम उर्फ समीर को धारा 328 में चार-चार वर्ष के कठोर कारावास एवं 3-3 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 379 में तीन-तीन वर्ष के कारावास व 2-2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। बताया जाता है कि दोनों आरोपी जेल में निरुद्ध हैं।

स्टेशन में ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर की थी लूटपाट

### मैदानी अमले को विंटर प्रिकॉशन का पालन करने सख्त निर्देश

# ठंड में फैक्चर रोकने रेलवे ने बढ़ाई रेलट्रैक की चौकसी

**कटनी, यशभारत।** ठंड के मौसम में रेल फैक्चर आदि की घटनाएं रोकने रेलवे के द्धारा रेल ट्रैक की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ठंड के मौसम में रेल गाड़ियों के सुचारु संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गए। रेलवे के द्धारा शीतकाल के दौरान रेलवे ट्रैक की सभी जोड़ पट्टियों की जांच करके उनका लुब्रिकेशन करना, रेलट्रैक की डी-स्ट्रेसिंग करना एवं सभी एलडब्लूआर (लॉन्ग वेल्डेड रेल) की मिसिंग फिटिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुल मिलाकर ठंड के मौसम में विंटर प्रिकॉशन का पालन किया जा रहा है।



### फिश प्लेटों की ऑयलिंग और ग्रीसिंग

रेलवे ट्रैक के सभी सामान्य फिश प्लेट एवं जोगल फिश प्लेट जॉइंट्स की गहन तरीके से जांच करके उसमें ऑयलिंग और ग्रीसिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जोड़ो के सामान्य फिश प्लेट एवं जोड़ो के जोगल फिश प्लेट में ऑयलिंग और ग्रीसिंग का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही सभी बोल्ट और पट्टियों को जांच कर उसे सही तरीके से फीटिंग किया जा रहा है। जिससे शीतकालीन मौसम में ट्रैक के दबाव के समय रेल के खिंचाव में रेलट्रैक संरक्षित रहें।

### डिस्ट्रेसिंग कार्य भी तेज

पश्चिम मध्य रेल पर स्टेशन से स्टेशन के बीच लॉन्ग वेल्डेड रेल ट्रैक होने से शीतकालीन के दौरान खिंचाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है। इस खिंचाव को डीस्ट्रेस करना पड़ता है ताकि शीतकाल के समय रेलवे में खिंचाव उत्पन्न नहीं हो और रेल संरक्षित रहे। इसलिए रेलट्रैक डीस्ट्रेस कार्य किया जा रहा है।

### बढ़ी रेलट्रैक की पेट्रोलिंग

ठंड के मौसम में रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी गई है। सभी रेलखंडों पर रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है। इस कार्य में अधिक से अधिक पेट्रोलमैनों को पेट्रोलिंग करने के लिए लगाया गया है जो रात्रि 11 बजे से सुबह 07 बजे तक सभी पेट्रोलिंग उपकरणों तथा ट्रैक को सुरक्षित रखने के लिए औजार के साथ ट्रैक की निगरानी कर रहे है। इसके साथ सभी पेट्रोलमैन को जीपीएस ट्रैकर यानि ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम दिया गया। जिससे पेट्रोलिंग के समय इन पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में इसी ट्रैकर की मदद से मोबाइल फोन द्वारा पेट्रोलमैन से कम्युनिकेशन किया जा सकता है।

# आहूजा टिंबर मर्चेंट में वन विभाग का छापा

**कटनी, यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के इमलिया रोड में पटाखा बाजार के सामने स्थित आहूजा टिंबर मर्चेंट में आज वन विभाग की टीम ने छापेमारी की। बताया जाता है कि वन विभाग को सूचना मिली थी लकड़ी टॉल संचालक रामचंद्र आहूजा व उसके पुत्र नीरेश आहूजा के द्धारा टाल में क्षमता से अधिक लकड़ियों का भंडारण किया गया है। इसी सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम यहां जांच करने पहुंची। टीम यहां भंडारित लकड़ियों का स्टाक रजिस्टर से मिलान करने में जुटी थी। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की जांच टाल में जारी थी। जांच के बाद ही हकीकत सामने आएगी।

### शिकायत के बाद शुरू हुई जांच


JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft exel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033


# बीज निर्माता व विक्रेताओं के खिलाफ एफआइआर

## किसानों ने कलेक्टर से की थी बीज में कम अंकुरण आने की शिकायत

**कटनी, यशभारत। बहोरीबंद क्षेत्र के कई किसानों ने बीज में अंकुरण नहीं आने पर मामले की शिकायत कलेक्टर अवि प्रसाद से की है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उप संचालक कृषि को मामले की जांच कराने के आदेश दिए।**

जांच के दौरान बीज के नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। रिपोर्ट आने में बीज अमानक पाया गया। इस पर कलेक्टर ने बीज निर्माता सहित दो विक्रेताओं पर बुधवार को एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। बाकल पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पंचम गाठे बीज निरीक्षक विकासखंड बहोरीबंद ने पुलिस को बताया कि ग्राम कुम्हरवारा, इमलिया, खम्हरिया, नीमखेड़ा, सिंदुरसी, तहसील बहोरीबंद के किसानों ने बताया था कि गेहूं बीज में कम अंकुरण आया है। इस शिकायत पर जांच की गई। जांच में पाया गया कि किसानों द्वारा बीज उत्पादक संस्था मां बम्बरबेनी बीज उत्पादक प्रक्रिया एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित राजापुरवा लवकुश नगर जिला छतरपुर (अनुज्ञप्ति प्रो. राजबहादुर पटेल) ने उत्पादित बीज का क्षेत्रीय निजी बीज विक्रेता समर्थ कृषि केन्द्र (प्रो. राहुल कुमार अग्रवाल)बाकल एवं अग्रवाल कृषि केन्द्र बाकल, तहसील बहोरीबंद से क्रय किया है। यह बीज किसानों द्वारा बोया गया, जिसमें बीज का अंकुरण बीज अधिनियम 1966 की धारा 6(ए) के अनुसार मात्र 5 से 25 प्रतिशत तक पाया गया। जिस पर दोषियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने अनुसार इस मामले में बीज निरीक्षक पंचम गाठे की शिकायत पर छतरपुर निवासी राजबहादुर पटेल तथा बाकल निवासी राहुल अग्रवाल व सतीश अग्रवाल के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3, 7 और बीज अधिनियम की धारा 6(ए), 13 (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जांच में फेल हुए नमूने तो दर्ज हुआ मामला


SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना | डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316



एडवांस्ड सी.टी. स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
32-96 स्लाइस की अतिआधुनिक 2021 माडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित हो रही नई टेक्नालॉजी को अपनाएं एवं बेहतर के साथ रिजल्ट पाएँ
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511



JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668



मंगलम मैरिज गार्डन
सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीव्ही कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर
सभी प्रकार के शुभ अवसरों हेतु
पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861



MR D.I.Y.
NOW OPEN
City Mall - Katni



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)